रविवार, 3 मई 2026

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 33 |
| आर्द्रता | 82% |
| सूर्योदय: 05:03 | सूर्यास्त: 18:03 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष द्वितीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये




वाणिज्यिक एलपीजी महंगा: देशभर में खाने के दाम बढ़ने, रोजगार पर असर की आशंका पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : काम मेरा और नाम किसी और का, यह सोचकर नाराज नहीं होना चाहिए।

## आपात स्थिति, प्राकृतिक आपदाओं के लिए सेल ब्रॉडकास्ट चेतावनी प्रणाली शुरू, मोबाइल पर संदेश पहुंचे

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को सेल ब्रॉडकास्ट चेतावनी प्रणाली की शुरुआत की, जिसके बाद देशभर में मोबाइल फोन पर चेतावनी संदेश आने लगे। यह प्रणाली आपात स्थिति और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान लोगों को उनके क्षेत्र में तुरंत सतर्क करने के लिए विकसित की गई है। दूरसंचार विभाग ने 29 अप्रैल को इस सेवा के परीक्षण के बारे में नागरिकों को सूचित कर दिया था, ताकि किसी तरह की घबराहट न फैले, और लोगों से ऐसे संदेशों को नजरअंदाज करने की अपील की थी। परीक्षण संदेश में कहा गया, अत्यंत गंभीर अलर्ट। भारत ने स्वदेशी प्रौद्योगिकी से सेल ब्रॉडकास्ट शुरू किया है। यह एक परीक्षण संदेश है। कोई कार्रवाई आवश्यक नहीं है। यह अलर्ट देशभर के सभी दूरसंचार नेटवर्क पर भेजा गया, हालांकि चुनाव वाले राज्यों को इससे बाहर रखा गया। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह प्रणाली सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ मिलकर विकसित की है और इसे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है।

# मतगणना कर्मियों की तैनाती पर सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप से इनकार, ईसी का फैसला बरकरार

## कड़ी सुरक्षा के बीच कल 293 सीटों पर होगी मतगणना

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस की ओर से दायर उस याचिका पर आगे कोई निर्देश देने से इनकार कर दिया, जिसमें निर्वाचन आयोग (ईसी) ने मतगणना के दौरान केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तैनाती को चुनौती दी थी। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित ढांचे को प्रभावी रूप से बरकरार रखते हुए न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की विशेष पीठ ने कहा कि चुनाव निकाय का 13 अप्रैल का परिपत्र कानून के विपरीत नहीं है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों की संयुक्त रूप से तैनाती का प्रावधान है। पीठ ने कहा कि आयोग के पास दोनों समूहों में से किसी भी समूह से मतगणना कर्मचारी को नियुक्त करने का अधिकार है। इसने अपने आदेश में



कोलकाता में ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तैनात सुरक्षाकर्मी

कहा कि इस मामले में आगे किसी आदेश की आवश्यकता नहीं है, सिवाय इसके कि आयोग की ओर से उपस्थित डी. एस. नायडू के इस बयान को रिकॉर्ड किया जाए कि आयोग 13 अप्रैल के परिपत्र को उसकी पूर्ण भावना के साथ अक्षरशः लागू करेगा। इन स्पष्टताओं के साथ विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है।

उल्लेखनीय है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 30 अप्रैल को निर्वाचन आयोग के परिपत्र के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की याचिका खारिज करते हुए कहा था कि राज्य सरकार के कर्मचारियों के बजाय केंद्र सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के कर्मचारियों को मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक नियुक्त करने के निर्वाचन आयोग के निर्णय में कुछ अवैध नहीं है। उच्च न्यायालय ने मतगणना प्रक्रिया में निगरानी के कई स्तरों की मौजूदगी का हवाला देते हुए उस आरोप को भी खारिज कर दिया कि केंद्र सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारी केंद्र सरकार से प्रभावित हो सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस ने इसके खिलाफ अपील करने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया जिसके कारण अदालत का अवकाश का दिन होने के बावजूद शनिवार को विशेष सुनवाई हुई। पीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि आगे किसी आदेश की आवश्यकता नहीं है और दोहराया कि निर्वाचन आयोग अपने परिपत्र का अक्षरशः पालन करेगा।

# फलता विधानसभा क्षेत्र में सभी मतदान केंद्र पर 21 मई को पुनर्मतदान, 24 मई को मतगणना

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने 'लोकतांत्रिक प्रक्रिया के उल्लंघन' के कारण शनिवार को दक्षिण 24 परगना जिले के फलता विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र पर 21 मई को पुनर्मतदान कराने का आदेश दिया। निर्वाचन आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना 24 मई को होगी। उन्होंने कहा कि फलता विधानसभा क्षेत्र में 29 अप्रैल को बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों पर मतदान के दौरान गंभीर चुनावी गड़बड़ियों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के उल्लंघन को देखते हुए, निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिया है कि इस सीट के सभी 285 मतदान केंद्र पर नये सिरे से मतदान कराया जाए। आयोग ने कहा कि फलता सीट के सभी मतदान केंद्रों पर 21 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक पुनर्मतदान होगा, जो 'स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी' प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि उसने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), जिला निर्वाचन अधिकारी, और अन्य क्षेत्र अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के साथ-साथ पर्यवेक्षकों से प्राप्त जानकारी और उपलब्ध रिकॉर्ड सामग्री का सावधानीपूर्वक अवलोकन करने के बाद यह निर्णय लिया है। आदेश में कहा गया है कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट में 'मतदाताओं को डराने-धमकाने, बूथ के अंदर अनाधिकृत उपस्थिति और संभावित छेड़छाड़ के आरोपों को उजागर किया गया है। आयोग ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे 'किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की पुनरावृत्ति को रोकने' के लिए पर्याप्त केंद्रीय बलों व सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की तैनाती और वेबकास्टिंग सुविधाओं सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करें। आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाए और कड़ी निगरानी रखी जाए।

### डायमंड हार्बर और मगराहट के 15 बूथों पर शांतिपूर्ण रहा पुनर्मतदान

**कड़ी सुरक्षा के बीच 90.61 प्रतिशत हुई वोटिंग**

दक्षिण 24 परगना जिले की दो विधानसभा सीटों के 15 मतदान केंद्रों पर शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। इसमें अंतिम औसत मतदान 90.61 प्रतिशत दर्ज किया गया। यह जानकारी राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने दी। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे समाप्त हुआ। किसी भी मतदान केंद्र से हिंसा, व्यवधान या तनाव की कोई सूचना नहीं मिली। सभी 15 मतदान केंद्रों पर कुल औसत मतदान प्रतिशत 90.61 प्रतिशत रहा, जबकि मगराहट (पश्चिम) विधानसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर औसत मतदान 89.29 प्रतिशत दर्ज किया गया। तुलनात्मक रूप से डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र के चार मतदान केंद्रों पर औसत मतदान 91.77 प्रतिशत रहा, जो कि अधिक है। केंद्रीय बलों की व्यापक सुरक्षा व्यवस्था और राज्य पुलिस कर्मियों की सहायता से पुनर्मतदान कराया गया और मतदान संबंधी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई। मगराहाट (पश्चिम) में बूथ संख्या 46, 126, 127, 128, 142, 214, 215, 216, 230, 231 और 232 पर तथा डायमंड हार्बर में बूथ संख्या 117, 179, 194 और 243 पर पुनर्मतदान हुआ।

# जबलपुर नौका हादसा : तेज तूफान से उठी ऊंची लहरें बनीं वजह, 11 शव बरामद, जांच के आदेश

## क्रूज़ हादसे के मृतक के पार्थिव अवशेष तमिलनाडु भेजे गए



**भोपाल :** मध्यप्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने शनिवार को कहा कि जबलपुर में हुई क्रूज नाव दुर्घटना तेज तूफान के कारण उठी ऊंची लहरों की वजह से हुई। उन्होंने यह भी दावा किया कि वर्ष 2006 में बनी क्रूज नाव कैटामरैन इस तरह डिजाइन की गयी थी कि उसके डूबने की संभावना बेहद कम थी। राज्य पर्यटन विभाग द्वारा संचालित यह नाव बृहस्पतिवार शाम नर्मदा नदी पर स्थित बरगी बांध में आए तूफान के दौरान पलट गई थी। पुलिस के अनुसार हादसे में अब तक 11 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि दो लोग अब भी लापता हैं। नाव में सवार 41 यात्रियों में से 28 को बचा लिया गया। लोधी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, यह वर्ष 2006 मॉडल का कैटामरैन (विशेष डिजाइन की याट) था। इसे इस प्रकार बनाया गया था कि यह आसानी से नहीं डूबे। इसके डूबने की आशंका नगण्य थी। दो दिन पहले आए तेज तूफान के कारण यह हादसा हुआ। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री ने बताया कि तेज हवाओं और ऊंची लहरों के कारण पानी नाव में घुस गया, जिससे यह पलट गई। नाव की अनिवार्य फिटनेस जांच या उसमें किसी तरह की खराबी के सवाल पर उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है। उन्होंने कहा, जांच दल एक माह में अपनी रिपोर्ट देगा। यदि फिटनेस जांच नहीं कराई गई होगी तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लोधी ने बताया कि मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम (एमपीटीसी) द्वारा संचालित सात से आठ नावों को जांच के लिए फिलहाल रोका गया है। राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने इस तरह की नौकाओं के संचालन पर अस्थायी रोक लगाते हुए सुरक्षा जांच के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। इससे एक दिन पहले एमपीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय मल्होत्रा ने कहा था कि वह यह पता लगाएंगे कि दुर्घटनाग्रस्त नाव की आखिरी बार फिटनेस जांच कब हुई थी। मल्होत्रा का जबलपुर से भोपाल तबादला किया गया है। पृष्ठ 7

# '200 से ज्यादा सीटें जीतेगी टीएमसी', मतगणना से पहले ममता का बड़ा दावा

### तृणमूल सुप्रीमो एवं अभिषेक बनर्जी ने काउंटिंग एजेंटों के साथ की बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के नतीजे आने से ठीक दो दिन पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा दावा किया है। शनिवार को ममता बनर्जी और टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पार्टी के काउंटिंग एजेंटों के साथ एक अहम वर्चुअल बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की 294 विधानसभा सीटों में से तृणमूल कांग्रेस 200 से अधिक सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है।



**'मैदान न छोड़ें काउंटिंग एजेंट'**

ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी ने मतगणना केंद्र पर तैनात होने वाले काउंटिंग एजेंटों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन सभी एजेंट केंद्रों पर नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज कराएं। साथ ही, वे मतगणना की पल-पल की जानकारी पार्टी नेतृत्व को देते रहें। ममता ने कहा कि जब तक मतगणना की पूरी प्रक्रिया समाप्त नहीं हो जाती, तब तक कोई भी एजेंट केंद्र छोड़कर बाहर न आए।

**ममता ने एग्जिट पोल्स को नकारा**

मुख्यमंत्री ने हालिया एग्जिट पोल्स को पूरी तरह से नकार दिया। कई एग्जिट पोल्स में भाजपा को बढ़त दिखाई गई है। इस पर ममता ने कहा कि ये सब शेयर बाजार को प्रभावित करने की साजिश है। उन्होंने इसे 2021 और 2024 के चुनाव जैसा ही प्रोपेगेंडा बताया। ममता ने आरोप लगाया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं पर बर्बरता की है। उन्होंने वादा किया कि संकट के समय पार्टी के साथ खड़े रहने वाले कार्यकर्ताओं को भविष्य में पुरस्कृत किया जाएगा।

**'वर्दी के पीछे छिपकर जुल्म करने वालों को कोर्ट तक घसीटूंगी'**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव परिणामों से पहले कड़ा रुख अख्तियार करते हुए पुलिस प्रशासन और चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों को सीधी धमकी दी है। ममता ने कालीघाट थाने के निलंबित ओसी (थानेदार) गौतम दास का जिक्र करते हुए बेहद तल्ख टिप्पणी की। मुख्यमंत्री का गुस्सा केवल स्थानीय पुलिस तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा अन्य राज्यों से भेजे गए पुलिस पर्यवेक्षकों पर भी निशाना साधा। ममता बनर्जी ने कहा कि कुछ पर्यवेक्षक सोच रहे हैं कि चार मई के बाद वे उत्तर प्रदेश या अपने गृह राज्यों में वापस भाग जाएंगे और बच निकलेंगे, लेकिन ऐसा नहीं होगा। असंवैधानिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हम उनमें से हर एक को अदालत के कटघरे में खड़ा करेंगे।

### छत्तीसगढ़ के कांकेर में आईईडी विस्फोट में डीआरजी के तीन जवानों की मौत, एक अन्य घायल



**कांकेर :** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक आईईडी विस्फोट में 'जिला रिजर्व गार्ड' (डीआरजी) के एक अधिकारी समेत तीन जवानों की मौत हो गई तथा एक अन्य जवान घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्य को 31 मार्च को सशस्त्र माओवादियों से मुक्त घोषित किए जाने के बाद नक्सल गतिविधियों से जुड़ी विस्फोट की यह पहली घटना है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार छोटेबेठिया थानाक्षेत्र में कांकेर-नारायणपुर जिले की सीमा के पास सुरक्षाबलों को बारूदी सुरंग को निष्क्रिय करने और गश्त के लिए भेजा गया था। उन्होंने बताया कि बारूदी सुरंग को निष्क्रिय करने के अभियान के दौरान दुर्घटनावश विस्फोट हो जाने से कांकेर डीआरजी के चार जवान घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि घायल जवानों में तीन-- निरीक्षक सुखराम वट्टी, आरक्षक कृष्णा कोमरा और आरक्षक संजय गढपाले की बाद में मौत हो गई तथा परमानंद कोमरा का इलाज चल रहा है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टिलिंगम ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में आत्मसमर्पण कर चुके माओवादी कैडरों से प्राप्त जानकारी तथा अन्य सूचना के आधार पर बस्तर क्षेत्र में माओवादियों द्वारा पूर्व में छिपाकर रखे गए सैकड़ों आईईडी को पुलिस और सुरक्षाबलों ने बरामद कर निष्क्रिय कर दिये हैं। सुंदरराज ने बताया कि आज जब कांकेर जिला पुलिस दल आईईडी को निष्क्रिय कर रहा था, तभी उसमें अचानक विस्फोट हो गया, जिसके कारण तीन जवानों की मृत्यु हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले में और जानकारी जुटाई जा रही है। छत्तीसगढ़ में 31 मार्च को नक्सल-वाद की समाप्ति की घोषणा के बाद बारूदी सुरंग विस्फोट में जवानों की मौत और घायल होने की यह पहली घटना है।







## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 3 मई, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष द्वितीया, 27:03 तक, नक्षत्र : विशाखा, 07:03 तक, योग : वरीघा, 22:22 तक, सूर्योदय: 05:03, सूर्यास्त: 18:03, चन्द्रोदय : 20:17, चन्द्रास्त: 06:22, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 17:00 से 18:37

## साप्ताहिक : राशिफल
## 03-05-26 से 09-05-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आने वाले नए सप्ताह में आपकी सेहत अच्छी रहेगी, लेकिन किसी तरह की लापरवाही ना बरतें। आपके खर्चे बढ़ सकते हैं, जिसके चलते परेशानी हो सकती है। बिजनेस करने वाले जातकों के लिए समय अच्छा है। व्यापार के लिए किसी सरकारी स्कीम का लाभ उठा सकते हैं। नौकरी वाले जातकों को तनाव का सामना करना पड़ सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर सप्ताह अच्छा रहेगा।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य रहेगा। आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा, लेकिन स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम करते रहें। इस सप्ताह आप अपनी आमदनी का सही इस्तेमाल करेंगे। धन की प्राप्ति में परिवार का पूरा सपोर्ट मिलेगा। व्यापारियों के लिए समय अच्छा रहेगा। अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए नए प्लान बना सकते हैं। नौकरी वाले जातकों के लिए समय अच्छा है। आपका कार्य क्षेत्र में मनचाहे स्थान पर ट्रांसफर हो सकता है। प्रेम संबंधों के लिए उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** आने वाला नया सप्ताह मिथुन राशि के जातकों के लिए थोड़ा सावधानी से रहने वाला रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर आपको सतर्क रहना होगा। किसी प्रकार की लापरवाही परेशानी में डाल सकती है। आर्थिक स्थिति को बढ़ाने के लिए आप जो भी प्रयास करेंगे वह सफल रहेंगे। वैसे आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी। अपने व्यापार के लिए जो भी कदम उठाएंगे वह सार्थक होंगे। नौकरी वाले जातकों के लिए समय अच्छा है। अधिकारी आपके कार्यों पर नजर रखेंगे। प्रेम संबंधों में तनाव दिखाई दे रहा है। बहस से बचाव करें।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह जीवन के नये अवसर लेकर आ रहा है। यदि आप लंबे समय से रोजी-रोजगार की तलाश में भटक रहे थे आपको इस सप्ताह अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं। छात्र वर्ग और नवयुवकों को नई चीजें सीखने को मिल सकती हैं। उच्च शिक्षा की दिशा में किए जा रहे प्रयास सफल हो सकते हैं। पहले से कार्यरत नौकरीपेशा लोगों के कौशल में वृद्धि होगी। नई जिम्मेदारियों को संभालने के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरीपेशा लोगों के संबंध सीनियर और जूनियर के साथ बेहतर होंगे।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मध्यम दिखाई दे रहा है। आपकी सेहत वैसे तो ठीक रहेगी, लेकिन लापरवाही के चलते कोई समस्या खड़ी हो सकती है। आर्थिक स्थिति को लेकर परेशान होना पड़ सकता है। ना चाहते हुए भी धन खर्च करना पड़ सकता है। आप अपने बिजनेस को लेकर सतर्क रहें। नौकरी वाले जातकों के लिए भी समय बढ़िया रहेगा। कार्य क्षेत्र में ऑफिसरों से अच्छी साठगांठ रहेगी। संबंधों के लिए समय अच्छा है। अपने रिश्ते के बारे में परिवार को बताने की कोशिश कर सकते हैं।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सावधानी से रहने वाला रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। सप्ताह के अंत में आपको कोई समस्या परेशान कर सकती है। आर्थिक स्थिति को लेकर भी आप तनाव में रहेंगे। आपके खर्चे बढ़े रहेंगे। पैसा आता-जाता रहेगा, जिसके चलते सभी कार्य पूरे होंगे। अपनी सेविंग पर ध्यान बनाएं रखें। इस सप्ताह आप बिजनेस को लेकर उत्साहित रहेंगे। आप पर दैवीय कृपा बनी रहेगी। आपका व्यवसाय अच्छा चलेगा।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** मई का नया सप्ताह तुला राशि के जातकों के लिए अच्छा है। आप अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें। आर्थिक स्थिति के लिए समय बढ़िया रहेगा। गवर्नमेंट सेक्टर से बिजनेस बढ़ाने के लिए कोई ऑफर मिल सकता है। नौकरी वाले जातकों के लिए भी समय अच्छा है। प्रेम संबंधों के लिए भी सप्ताह बढ़िया रहेगा। वैवाहिक संबंध अच्छे रहेंगे। आप एक दूसरे को गिफ्ट भी देंगे। शिक्षा के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए समय बढ़िया रहेगा। इस सप्ताह आपकी सेहत ठीक रहेगी। यदि कोई परेशानी होगी तो घबराने की जरूरत नहीं है। आर्थिक स्थिति थोड़ी गड़बड़ा सकती है। निवेश को लेकर आपको इंतजार करना पड़ सकता है। बिजनेस को लेकर आपका समय थोड़ा परेशानी वाला रहेगा। थोड़ा संयम रखें और सावधानी से कार्य करें। नौकरी वाले जातकों के लिए समय शानदार है। प्रेम संबंधों में उतार-चढ़ाव दिखाई दे रहा है। विद्यार्थियों के लिए समय बढ़िया रहेगा।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** यह सप्ताह धनु राशि के जातकों के लिए ठीक-ठाक रहेगा। इस सप्ताह अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें। आपको आंखों की समस्या परेशान कर सकती है। आर्थिक स्थिति के लिए भी समय सावधानी से रहने वाला है। व्यर्थ के खर्चे बढ़े रहेंगे। व्यापारियों को अपना बिजनेस बढ़ाने के लिए यात्रा करनी पड़ सकती है। नौकरी वाले जातकों के लिए समय अच्छा रहेगा। आपका प्रमोशन हो सकता है। प्रेम संबंधों में सावधानी बरतें। वैवाहिक संबंध अच्छे बने रहेंगे। जीवनसाथी संग घूमने जा सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए समय थोड़ा सावधानी से रहने वाला है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** मकर राशि के जातकों के लिए सप्ताह बढ़िया रहेगा। आपका स्वास्थ्य एकदम फिट रहेगा। व्यापार को लेकर भी आप उत्साहित रहेंगे और पार्टनर संग नए प्लान बना सकते हैं। नौकरी में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। प्रेम संबंधों के लिए भी यह सप्ताह बढ़िया रहेगा। वैवाहिक संबंधों में जीवनसाथी का साथ देंगे। आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी। आप कई तरीकों से धन कमाएंगे। शिक्षा के लिए विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा। आप अपने मनचाहे विषयों पर पढ़ाई कर सकते हैं।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** यह सप्ताह कुंभ राशि के जातकों के लिए अच्छा रहेगा। अपनी सेहत का ध्यान रखें। आपकी आर्थिक स्थिति इस सप्ताह बढ़िया रहेगी। आमदनी में बढ़ोतरी हो सकती है। व्यापारी अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए प्लान बनाएंगे। नौकरी वाले जातकों को अपने ऑफिस में सम्मान मिलेगा। प्रेम संबंधों के लिए भी यह सप्ताह अच्छा रहेगा। अपने प्रिय साथी से मन की बात कह सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में कुछ तनाव आ सकता है। विद्यार्थियों के लिए समय थोड़ा परेशानी वाला रहेगा। करियर में सफलता के लिए मेहनत करनी पड़ सकती है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शानदार रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर आप संतुष्ट रहेंगे। व्यापार के भी समय अच्छा है। आपका व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी वाले जातकों के लिए समय अच्छा है। अपने कार्य क्षेत्र में उन्नति प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति बढ़िया बनी रहेगी। धन की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहेगी। प्रेम संबंधों में थोड़ी सावधान बरतें। विवाद हो सकता है। गृहस्थ जीवन बढ़िया रहेगा। जीवनसाथी संग आनंद में समय बिताएंगे। विद्यार्थियों के लिए भी समय अच्छा रहेगा।

# एआई और स्विस तकनीक से लैस हो रहे उत्तर प्रदेश के एक्सप्रेसवे, 'स्मार्ट रोड नेटवर्क' की ओर बढ़ते कदम

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे निर्माण अब पारंपरिक तरीके से आगे बढ़कर तकनीक आधारित निगरानी और प्रबंधन की ओर बढ़ रहा है। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार कृत्रिम मेधा (एआई) और 'स्विस सेंसर' तकनीक के जरिए सड़क निर्माण को 'डेटा-आधारित' और 'समय पर निगरानी' आधारित बना रही है। बयान के मुताबिक गंगा एक्सप्रेसवे में भी इस तकनीक का उपयोग किया गया है, जिसका लोकार्पण हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने स्विट्ज़रलैंड की 'ईटीएच ज्यूरिख' और




'आरटीडीटी लैबोरेट्रीज एजी' के साथ साझेदारी की है। इस तकनीक से निर्माण के दौरान ही सड़क की गुणवत्ता की लगातार निगरानी की जा रही है। एक विशेष वाहन में सात 'एक्सेलेरोमीटर सेंसर' लगाए गए हैं। यह वाहन एक्सप्रेसवे की हर लेन पर चलकर सतह की एकरूपता, ऊंचाई में उतार-चढ़ाव और कंपन का डेटा जुटाता है। सेंसर से मिले आंकड़ों को एआई सॉफ्टवेयर से 'प्रोसेस' कर सड़क की गुणवत्ता को 'शानदार', 'अच्छा' और 'खराब' श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है। इससे खामियों की पहचान निर्माण के दौरान ही हो जाती है। यूपीडा अधिकारियों के मुताबिक, पहले गुणवत्ता का आकलन निर्माण पूरा होने के बाद होता था, जिससे सुधार में समय और लागत बढ़ती थी। नई प्रणाली से खामियों को उसी समय दुरुस्त किया जा सकेगा। निर्माण के बाद संचालन चरण में एआई-सक्षम कैमरे लगाए जा रहे हैं। ये कैमरे तेज रफ्तार, गलत लेन में चलने जैसे यातायात नियम उल्लंघनों को स्वतः चिन्हित करेंगे। इससे नियमों का क्रियान्वयन मजबूत होने और दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। अधिकारियों का कहना है कि इस पहल से एक्सप्रेसवे केवल 'कनेक्टिविटी' का माध्यम न रहकर डेटा, तकनीक और प्रबंधन के समन्वय से संचालित 'इंटेलिजेंट नेटवर्क' के रूप में विकसित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अब निर्माण के साथ-साथ गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रौद्योगिकी समेकन पर पर ध्यान दे रही है।

## आंबेडकरनगर में चार सगे भाई-बहनों की बेरहमी से हत्या, पुलिस को मां पर अंदेशा

**अयोध्या/अंबेडकरनगर (उप्र) :** आंबेडकर नगर में अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद मोहल्ले में कथित तौर पर एक ही परिवार के चार नाबालिग बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद उर्फ़ मीरानपुर मोहल्ले में शनिवार दोपहर करीब तीन बजे चार मंजिला मकान में चार बच्चों के खून से लथपथ शव मिले। उन्होंने कहा कि घटना के बाद से बच्चों की मां लापता है। पुलिस के मुताबिक, अज्ञात परिस्थितियों में बच्चों की ईंट से कुचलकर हत्या की गई तथा गले पर धारदार हथियार से वार के निशान भी मिले हैं। उसने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पूरी तस्वीर स्पष्ट होगी। पुलिस के अनुसार मृत भाई-बहनों की पहचान शफीक, सऊद, उमर, और सादिया के रूप में हुई है। ये सभी नियाज़ (42) और नाज़िया खातून (37) के बच्चे थे। नाज़िया बच्चों के साथ मीरानपुर में रहती थी, जबकि नियाज़ कई साल से सऊदी अरब में काम कर रहा है। अयोध्या परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सोमेन बर्मा ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे सूचना मिली कि घर में चार बच्चों के शव हैं जिसके बाद पुलिस मौके पहुंची। उन्होंने कहा कि सुबह से घर बंद होने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी थी। पुलिस का कहना है कि बच्चों की मां नाज़िया घटना के बाद से लापता है। उसने कहा कि अपहरण या अनहोनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्राची सिंह ने बताया कि मृतकों में 14, 12 और 10 साल के तीन लड़के और आठ साल की एक लड़की शामिल है। सिंह ने कहा कि इस घटना के बाद से बच्चों की मां लापता है, ऐसे में अंदेशा है कि उसी ने यह वारदात की होगी।

## अजय राय अस्पताल में भर्ती, प्रधानमंत्री व राहुल ने शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद लखनऊ के मेदांता अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राय के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मेदांता अस्पताल के निदेशक डॉ. राकेश कपूर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि राय शुक्रवार शाम करीब छह बजे अपने आवास पर अचानक बेहोश हो गए थे, जिसके बाद उन्हें अस्पताल लाया गया। कपूर ने बताया कि चिकित्सकीय परीक्षण में पता चला है कि राय के शरीर में सोडियम की कमी हो गई थी और उनका रक्तचाप भी बढ़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों ने उन्हें तुरंत उपचार दिया, जिसके बाद उनकी स्थिति में सुधार है। अस्पताल के निदेशक ने बताया कि चिकित्सकों की एक टीम उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखे हुए है और फिलहाल राय होश में हैं, बातचीत कर रहे हैं तथा हालत स्थिर है।

## कोटा में सेवानिवृत्त फौजी की हत्या

**पत्नी और सहयोगी गिरफ्तार**

**कोटा (राजस्थान) :** राजस्थान के कोटा शहर में एक सेवा निवृत्त फौजी की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी गई। यह साजिश फौजी की पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर रची थी । पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना आर के पुरम थाना क्षेत्र के अवनि रोड इलाके में बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात को हुई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान मनोज कुमार शर्मा (45) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से अजमेर के किशनगढ़ के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि पांच साल पहले भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद वह अजमेर विद्युत विभाग में लिपिक के रूप में कार्यरत थे। वह कई वर्षों से कोटा में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी शुक्रवार सुबह किशनगढ़ में रहने वाले शर्मा के माता-पिता को सूचना दिए बिना ही अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे। हालांकि, पड़ोसियों को संदेह हुआ और उन्होंने परिजनों को सूचित कर दिया। शुक्रवार दोपहर कोटा पहुंचे परिजनों ने अंतिम संस्कार रुकवाया और मृतक की पत्नी दीपिका (40), उसके प्रेमी देवेश और दोस्त विष्णु के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। स्थानीय थाने के क्षेत्राधिकारी (सीआई) सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि शरीर पर गला घोंटने के निशान मिले हैं, जो हत्या की ओर इशारा करते हैं।

## कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्र की छात्रावास की चौथी मंजिल से गिरकर मौत

**कोटा :** राजस्थान के कोटा में मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' की तैयारी कर रहे उत्तराखंड के एक छात्र की शनिवार सुबह छात्रावास की चौथी मंजिल से कथित तौर पर गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के लैंडमार्क सिटी इलाके में हुई। मृतक छात्र की पहचान उत्तराखंड के अल्मोड़ा निवासी 20 वर्षीय दीक्षित राजेश्वरी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वह पिछले दो वर्षों से यहां एक कोचिंग संस्थान में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहा था। पुलिस अधिकारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि राजेश्वरी लैंडमार्क सिटी स्थित अपने छात्रावास की चौथी मंजिल पर एक कमरे में रहता था और वह वहीं से नीचे गिर गया। घटना की सूचना सुबह करीब सात बजे मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। भारद्वाज ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद छात्र को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी के अनुसार, शव को एमबीएस अस्प-ताल के मुर्दाघर में रखवाया गया है तथा छात्र के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। परिजनों के कोटा पहुंचने पर शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## रंग दे गुलाबी अभियान: जयपुर में 500 से अधिक दीवारों को रंगा गया

**जयपुर :** जयपुर नगर निगम के रंग दे गुलाबी अभियान के तहत शनिवार को एक ही दिन में 500 से ज़्यादा दीवारों को रंगा गया। अधिकारियों ने बताया कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए यह पहल शहर की सुंदरता को नई पहचान देने के साथ-साथ जनभागीदारी का एक बड़ा उदाहरण बनी। यह अभियान शहर के सभी 13 जोन में एक साथ चलाया गया। इसके तहत सार्वजनिक दीवारों पर 600 से ज़्यादा कलाकृतियां बनाई गईं जिनमें स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तीकरण और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों को दर्शाया गया। एक



अधिकारी ने कहा, ''यह पहल सिर्फ शहर को सुंदर बनाने तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि यह जन-आंदोलन बन गई जिसमें आम नागरिकों, खासकर अलग-अलग स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।'' इस अभियान में किन्नर समुदाय के सदस्यों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने नगर आयुक्त और जिला कलेक्टर जैसे वरिष्ठ अधिकारियों को भी दीवारों को रंगने के काम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। अधिकारियों ने उनके अनुरोध को स्वीकार किया और इस गतिविधि में हिस्सा लिया। इसके बाद किन्नर समुदाय के सदस्यों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार उन्हें आशीर्वाद दिया। जयपुर नगर निगम के आयुक्त ओम कसेरा ने अभियान की प्रगति का जायज़ा लेने के लिए कई जगहों का दौरा किया। उन्होंने प्रतिभागियों से बातचीत की और स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाया।

## नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में काम कर रही है बिहार सरकार: विजय चौधरी

**पटना :** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने शनिवार को कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में काम कर रही है। पटना स्थित जनता दल (यू) के मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष यह झूठा डर पैदा करने की कोशिश कर रहा है कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के तहत सांप्रदायिकता व्याप्त है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री चौधरी ने बार-बार स्पष्ट किया है



कि वर्तमान सरकार नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है और सांप्रदायिकता को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाई जाएगी। जद(यू) नेता ने दावा किया, विपक्षी दलों द्वारा एक मनगढ़ंत धारणा बनाई गई है कि भारतीय जनता पार्टी सांप्रदायिकता को बढ़ावा देती है। इसके विपरीत, राज्य में अपने शासन के दौरान उन्होंने अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए कुछ भी किए बिना खुद को उनके रक्षक के रूप में पेश किया। चौधरी ने कहा कि पिछले दो दशकों में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने अल्पसंख्यकों की शिक्षा और वित्तीय उत्थान के लिए काम किया है।

## राहुल गांधी के हाथरस मानहानि मामले में अगली सुनवाई 13 मई को होगी

**हाथरस (उप्र) :** लोकसभा में विपक्ष के नेता (कांग्रेस) राहुल गांधी के खिलाफ हाथरस में दर्ज मानहानि के परिवाद में अब अगली सुनवाई 13 मई को होगी। एक अधिवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाथरस के बूलगढ़ी प्रकरण में दोषमुक्त हो चुके युवकों को आरोपी बताने के मामले में सांसद-विधायक अदालत में यह परिवाद विचाराधीन है और इस मामले में आज सुनवाई की तारीख थी। अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंढीर ने बताया कि अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ प्रभाग) दीपक नाथ सरस्वती की सांसद-विधायक



अदालत में इस मामले की सुनवाई चल रही है। उन्होंने बताया कि आज इस बात पर बहस हुई कि राहुल गांधी के खिलाफ कोई संज्ञान लिया जाए या नहीं, उन्हें तलब किया जाए या नहीं। बहस सुनने के बाद अदालत ने निर्णय सुरक्षित रख लिया है और सुनवाई की अगली तारीख 13 मई निर्धारित की।

## आबादी की जमीन पर नमाज पढ़ने की अनुमति देने से अदालत का इनकार

**प्रयागराज (उप्र) :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल जिले के एक गांव में एक भूखंड पर नमाज अदा करने की अनुमति और सुरक्षा उपलब्ध कराने का अधिकारियों को निर्देश देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। उच्च न्यायालय ने कहा कि पूर्व में अस्तित्व में नहीं रही धार्मिक व्यवस्था शुरू करने या उसका विस्तार करने को अनुच्छेद 25 और 26 के तहत संरक्षण प्राप्त नहीं है खासकर तब जब इससे मौजूदा सामाजिक संतुलन बिगड़ता हो। न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की पीठ ने कहा कि जहां इस तरह की गतिविधि से जनजीवन प्रभावित होने की संभावना हो, वहां राज्य सरकार को कार्रवाई के लिए इंतजार करने की जरूरत नहीं है और वह उचित निवारक उपाय कर सकती है। संभल के असीन नामक एक व्यक्ति ने उपहार विलेख पर आधारित उस संपत्ति का स्वामी होने का दावा करते हुए दलील दी कि अधिकारी इस तरह की प्रार्थना करने से रोक रहे हैं और संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत मौलिक अधिकारों का उल्लंघन कर रहे हैं। दूसरी ओर, राज्य सरकार के वकील ने दावा किया कि विवादित भूमि, राजस्व में आबादी की जमीन के तौर पर दर्ज है जो सार्वजनिक उपयोग के लिए है और इस पर याचिकाकर्ता का कोई स्वामित्व अधिकार नहीं है। पीठ को अवगत कराया गया कि उक्त स्थान पर ईद के मौके पर ही परंपरागत तौर पर नमाज अदा की जाती रही है और इस स्थापित व्यवस्था पर किसी तरह की कोई पाबंदी नहीं है।


## लखनऊ में मशाल लेकर भाजपा ने महिला आक्रोश मार्च निकाला, आरक्षण विरोध पर विपक्ष को घेरा

**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लखनऊ महानगर एवं जिला इकाई ने नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और स्वाभिमान के संकल्प के साथ शनिवार को यहां विशाल महिला मशाल आक्रोश मार्च निकाला, जो लोक भवन से शुरू होकर अटल चौक (हजरतगंज चौराहा) तक पहुंचा। मशाल मार्च में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह मौजूद रहे। उनके साथ कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला कल्याण निगम अध्यक्ष कमलावती सिंह, राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रदेश




महामंत्री प्रियंका रावत, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, जिला अध्यक्ष विजय मौर्य और महिला मोर्चा की कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुईं। भाजपा के एक पदाधिकारी ने बताया कि इस जुलूस में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक को भी शामिल होना था लेकिन अंतिम समय में उनके कार्यक्रमों में बदलाव होने से वे शामिल नहीं हो सके। इस मार्च में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया । उन्होंने महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाले समाजवादी पार्टी, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

## वर्ग पहेली नं. 3427



*बायें से दायें:-* 2) प्रभाव, 4) पश्चात्ताप, 6) तथ्यपूर्ण, 8) झपटना, 11) प्रस्थान, 13) संलग्न 14) हाथी, 16) अनिवार्य, 18) देशस्तरीय, 19) श्रमसाध्य, 20) ध्वजा, 22) औक़ात, 24) ईर्ष्या, 27) भूल, 28) आजीवन.

*ऊपर से नीचे:-* 1) संपूर्ण, 2) बहुत, 3) शोरबा *(तरकारी का)*, 4) पतंगा, 5) ताज़ापन, 7) पानी का सोता, 9) पराधीनता, 10) एक धर्मसंस्थापक, 12) नगर पालिका का अध्यक्ष, 15) डरपोकपन, 17) पाजी, 19) पेचीदा, 20) मज़बूत चारपाई, 21) नेत्रांजन, 23) सहायता, 25) बुरी आदत, 26) खाली.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | घु | त | म | ■ | फ़ा | ■ | आ | ■ | आ |
| ■ | ■ | मि | त | व्य | य | ■ | व | र | ना |
| स | क | ल | ■ | स | दा | व | र्त | ■ | जा |
| ब | स | ■ | स | न | ■ | म | न | वा | ना |
| ■ | क | ल | मा | ■ | व | न | ■ | हि | ■ |
| आ | ■ | ■ | लो | हि | त | ■ | द | या | लु |
| स | च | मु | च | ■ | न | सी | ह | त | ■ |
| पा | ■ | ह | न | न | ■ | ता | ल | ■ | ऐ |
| स | सु | र | ■ | र | द्दी | ■ | ना | या | ब |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3385

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 3 | 2 | | | | | |
| | | | | 3 | 8 | | | |
| | | | | | 4 | | | |
| 7 | 5 | 6 | 8 | | | | | |
| | | 2 | | | | | | 3 |
| | | | 1 | | | 9 | | |
| 9 | 2 | | | 6 | | | | 7 |
| | | | | | | | | |
| | | | 3 | | | | 8 | 1 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3384 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 9 | 3 | 8 |
| 8 | 9 | 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 9 | 2 | 7 | 4 |
| 1 | 4 | 8 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 |
| 7 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 | 3 | 4 | 1 |
| 5 | 3 | 6 | 9 | 1 | 4 | 7 | 8 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 8 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 3 | 4 | 9 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 9 | 8 | 1 | 7 | 2 | 6 | 4 | 5 | 3 |

# विधानसभा चुनाव : नतीजों से पहले चुनाव आयोग ने कसी कमर, 165 एडिशनल काउंटिंग और 77 पुलिस ऑब्जर्वर नियुक्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के नतीजों और वोटिंग से पहले स्ट्रॉन्ग रूम और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ के आरोपों पर सियासी घमासान छिड़ा हुआ है। इस बीच, चुनाव आयोग ने शनिवार को चुनाव को लेकर बड़ा एक्शन लिया है। ईसी ने राज्य में 165 अतिरिक्त मतगणना पर्यवेक्षक और 77 पुलिस पर्यवक्षकों को नियुक्त किया है। इस बारे में चुनाव आयोग ने शनिवार को आधिकारिक रूप से एक बयान जारी किया। जिसके मुताबिक, सभी अतिरिक्त मतगणना पर्यवेक्षकों और पुलिस पर्यवेक्षकों की नियुक्ति




इसलिए की गई है, जिससे वह 165 विधानसभी क्षेत्रों में तैनात काउंटिंग ऑब्जर्बर्स की सहायता कर सकें और वोट काउंटिंग की प्रक्रिया को सुरक्षित, शांतिपूर्ण, भय–मुक्त और पारदर्शी आयोजन को सुनिश्चित कर सकें। आयोग ने कहा कि यह नियुक्तियां संविधान के अनुच्छेद 324 और रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, 1951 की धारा 20बी के तहत चुनाव आयोग की दी गई शक्तियों के आधार पर की गई हैं। इस नियुक्ति के दौरान सभी ऑब्जर्ब्स आयोग के अधीन रहेंगे और आयोग की नियंत्रण और नेतृत्व में कार्य करेंगे। अपने बयान में ईसी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिन 165 विधानसभा क्षेत्रों में एक से अधिक हॉल हैं। वहां काउंटिंग ऑब्जर्वर की मदद के लिए अतिरिक्त मतगणना पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया गया है। इस दौरान काउंटिंग सेंटर्स के आसपास सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस पर्यवेक्षकों को जिम्मा सौंपा गया है। इससे काउंटिंग सेंटर्स के नजदीक किसी भी तरह की हिंसा और तोड़फोड़ न हो। साथ ही, चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के तहत काउंटिंग प्रक्रिया पूरी हो पाए। इतना ही नहीं, चुनाव आयोग ने अपने बयान में साफ कर दिया है कि काउंटिंग सेंटर्स पर तैनात पुलिस ऑब्जर्वर किसी भी हालत में वोटों की गिनती के दिन और दौरान काउंटिंग हॉल में नहीं जाएंगे। पुलिस पर्यवेक्षक वोट काउंटिंग प्रक्रिया के दौरान मतगणना पर्यवेक्षकों और अन्य तैनात चुनावी मशीनरी के साथ मिलकर काम करेंगे।

### स्ट्रॉन्ग रूम के 200 मीटर दायरे में धारा 163 लागू, कोलकाता में सात जगहों पर जमावड़े पर निषेधाज्ञा

कोलकाता में स्ट्रांग रूम को लेकर बढ़ते विवाद और तनाव के बीच पुलिस ने बड़ा कदम उठाते हुए सात स्थानों पर धारा 163 लागू कर दी है। अब इन क्षेत्रों में 200 मीटर के दायरे में पांच या उससे अधिक लोगों का एकत्र होना अवैध माना जाएगा। यह आदेश पुलिस आयुक्त अजय नंद ने गुरुवार की रात जारी किया। जिन स्थानों पर यह प्रतिबंध लागू हुआ है, उनमें शेखावत मेमोरियल स्कूल, नेताजी इंडोर स्टेडियम के पास स्थित केंद्र, हेस्टिंग्स हाउस, एपीसी राय पालिटेक्निक, सेंट थामस बायज स्कूल, बालीगंज गवर्नमेंट हाई स्कूल और बाबा साहेब अंबेडकर एजुकेशन यूनिवर्सिटी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, मतदान के बाद ईवीएम और बैलेट पेपर सुरक्षित रखने के लिए यह कदम जरूरी था। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि किसी भी प्रकार का प्रदर्शन, रैली, सभा या जुलूस प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही हथियार, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ या पत्थर जैसी चीजें भी पूरी तरह निषिद्ध हैं।

### प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक को मतगणना केंद्र में रहना होगा उपस्थित

चुनाव आयोग आगामी चार मई को होने वाली मतगणना को लेकर बेहद चौकन्ना है व सुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम कर रहा है। आयोग ने अब प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक को संबंधित मतगणना केंद्र में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। मतगणना की प्रक्रिया पर उन्हें कड़ी नजर रखने को कहा गया है। मतगणना में किसी भी तरह की गलती होने पर इसकी जिम्मेदारी पर्यवेक्षकों को लेनी होगी।

### विधानमसभा चुनाव : तृणमूल ने पूर्व डीजीपी राजीव कुमार को बैरकपुर-दमदम का गणना पर्यवेक्षक बनाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को अपने राज्यसभा सदस्य राजीव कुमार को बैरकपुर–दमदम संगठनात्मक जिले का मतगणना पर्यवेक्षक नियुक्त किया। तृणमूल के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अध्यक्षता में हुई एक ऑनलाइन बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी भी उपस्थित थे। इस बैठक में मतगणना एजेंटों को पार्टी की रणनीति के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पार्टी नेतृत्व ने मतगणना प्रक्रिया की निगरानी के लिए राज्य के संगठनात्मक जिलों में पर्यवेक्षकों को नियुक्त करने का निर्णय लिया है। तृणमूल नेता ने बताया कि बीरभूम के लिए शताब्दी रॉय, घाटाल के लिए सांसद दीपक अधिकारी (देव) और मेदिनीपुर के लिए सांसद जून मालिया को पार्टी की ओर से पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### स्ट्रॉन्गरूम विवाद : तृणमूल ने निर्वाचन आयोग में की शिकायत, डाक मतपत्रों की अनधिकृत छंटाई का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने कोलकाता के एक ईवीएम स्ट्रॉन्गरूम में डाक मतपत्रों की अनधिकृत छंटाई का आरोप लगाते हुए शनिवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई। खुदीराम अनुशीलन केंद्र के बाहर डेरा डाले तृणमूल कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि डाक मतपत्रों से भरे आठ बक्से तड़के 4 बजे लाए गए और उन्हें एक ऐसे कमरे में ले जाया गया, जहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। तृणमूल के एक सदस्य ने सवाल किया कि हम मांग करते आ रहे हैं कि ईवीएम और डाक मतपत्रों वाले हर एक मिलीमीटर स्थान पर सीसीटीवी निगरानी रखी जाए। लेकिन जब इन बक्सों को अंदर ले जाया गया, तो यह साफ हो गया कि उन्हें सीसीटीवी की पहुंच से दूर कमरे में ले जाया गया। आखिर ऐसा क्यों?तृणमूल कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के बीच भाजपा की श्यामपुकुर से उम्मीदवार पूर्णिमा चक्रवर्ती अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गईं, जिससे तनाव और बढ़ गया। दोनों पक्ष नारेबाजी करने लगे, जबकि पुलिस स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिश करती रही। पूर्णिमा चक्रवर्ती ने दावा किया कि हार के डर से तृणमूल कार्यकर्ता स्ट्रॉन्गरूम के बाहर हंगामा कर रहे हैं। बाद में, तृणमूल ने कहा कि उसने इस मामले में निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज करा दी है।

### पुनर्मतदान के मत प्रतिशत में गिरावट स्वाभाविक : सौगत राय

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस सांसद सौगत राय ने शनिवार को कहा कि मगराहाट पश्चिम और डायमंड हार्बर में पुनर्मतदान के दौरान दर्ज की गई कम मतदान दर में 'कुछ भी नया या असामान्य नहीं' है क्योंकि 29 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद बाहरी क्षेत्रों से आए मतदाता संभवत: वापस जा चुके होंगे। टीएमसी के वरिष्ठ नेता ने कहा, 'पुनर्मतदान के दौरान मतदान प्रतिशत में गिरावट आना कोई नयी या असामान्य बात नहीं है। 29 अप्रैल को मतदान करने के लिए बाहर से आए कई मतदाता शायद बाद में चले गए होंगे। स्वाभाविक रूप से, पुनर्मतदान के दौरान मतदान कम हुआ।

### भाजपा को बंगाल में 78 से अधिक सीट नहीं मिलेंगी : कुणाल घोष

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने शनिवार को दावा किया कि विधानसभा चुनावों में भाजपा को 78 से अधिक सीट नहीं मिलेंगी। कुणाल घोष ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि कुछ राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं ने हाल ही में हुई एक बैठक में यह बात कही है कि भाजपा को चुनावों में 78 से अधिक सीट नहीं मिलेंगी। घोष ने दावा किया कि राज्य में भाजपा 100 का आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी, यह महसूस करने के बाद पार्टी अब फाल्टा जैसे स्थानों पर अशांति फैलाने की कोशिश कर रही है, साथ ही सत्ता में आने के बड़े–बड़े दावे कर रही है, जो कभी पूरे नहीं होंगे। चुनाव के बाद हिंसा के मुद्दे पर घोष ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस परिणाम घोषित होने के बाद किसी भी तरह की हिंसा को बढ़ावा नहीं देगी, लेकिन 'केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा नेताओं द्वारा चुनाव के बाद कुछ लोगों को उल्टा लटकाने की बात कहना बेहद उकसावे भरा था। उन्होंने कहा कि हम हिंसा नहीं चाहते। बंगाल की जनता का जनादेश मिलने के बाद हम अपने कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने का आग्रह करेंगे।

## मतगणना के दिन कंट्रोल रूम में मौजूद रहेंगे भाजपा के पर्यवेक्षक, अमित शाह हर मिनट की लेंगे रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में विधानसभा चुनाव के बाद अब मतगणना में भी भाजपा एक इंच जमीन छोड़ने को तैयार नहीं है। 2021 की गलतियों से सीख लेते हुए भाजपा ने मतगणना को लेकर इस बार व्यापक तैयारियां की है। चार मई को होने वाली मतगणना के दिन राज्य की जिम्मेदारी संभाल रहे पार्टी के सभी केंद्रीय नेता व पर्यवेक्षक कोलकाता में ही मौजूद रहेंगे और साल्टलेक स्थित पार्टी कार्यालय के कंट्रोल रूम से हर पल की जानकारी सीधे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तक पहुंचाई जाएगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, राज्य की सभी 294 सीटों पर मतगणना की प्रगति, किस सीट पर पार्टी के उम्मीदवार आगे हैं और कुल कितनी सीटों पर बढ़त मिल रही है– इन सभी अपडेट्स को मिनट–टू–मिनट दिल्ली भेजा जाएगा। इस दौरान, भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुनील बंसल व मंगल पांडेय और केंद्रीय मंत्री एवं बंगाल के चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव साल्टलेक कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम में मौजूद रहेंगे और पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। बता दें कि मतगणना से पहले पार्टी स्तर पर कई चरणों में बैठकें की गई हैं। बीते तीन दिनों में सुनील बंसल और भूपेंद्र यादव ने मालदह, सिलीगुड़ी और कोलकाता में अलग–अलग बैठकें कर जिला अध्यक्षों, उम्मीदवारों और बूथ स्तर के जिम्मेदार नेताओं को मतगणना को लेकर कई दिशा–निर्देश दिए हैं। इन बैठकों में राज्य भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य भी मौजूद रहे।

### भाजपा ने प्रवासी नेताओं और सभी गणना एजेंटों के साथ की बैठक

पार्टी के बंगाल चुनाव प्रभारियों ने शनिवार को कोलकाता में एक उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें वे प्रवासी नेता शामिल हुए जो अन्य राज्यों से आकर पिछले कई माह से बंगाल के अलग–अलग क्षेत्रों में चुनाव को लेकर रणनीति और कार्यों को गति दे रहे थे। साथ ही, पार्टी के सभी गणना एजेंटों के साथ भी बैठक की गई। सूत्रों के अनुसार, बैठक में पार्टी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि मतगणना केंद्रों के भीतर एजेंटों को सतर्क रहना होगा और काउंटिंग प्रक्रिया पूरी होने तक निगरानी जारी रखनी होगी। पिछले अनुभवों से सबक लेते हुए पार्टी ने गणना एजेंटों को अंतिम वोट की गिनती तक मतगणना केंद्र नहीं छोड़ने का साफ निर्देश दिया है। बता दें कि यह पहली बार है जब भाजपा ने मतगणना को लेकर इस स्तर पर तैयारी की है।

### स्ट्रांग रूम के बाहर भाजपा की महिला कार्यकर्ता आज से देंगी धरना

मतगणना से पहले ईवीएम की सुरक्षा को लेकर सियासी तनाव के बीच अब भाजपा भी मैदान में उतर आई है। पार्टी ने राज्यभर के सभी स्ट्रांग रूम के बाहर अपनी महिला कार्यकर्ताओं को तैनात करने का फैसला किया है। रविवार की सुबह से भाजपा की महिला कार्यकर्ता विभिन्न जिलों में स्ट्रांग रूम के सामने धरने पर बैठकर 'पहरा' देंगी। बताया जा रहा है कि भाजपा नेतृत्व ने राज्यभर में अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि मतगणना शुरू होने तक ईवीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। इसी रणनीति के तहत महिला कार्यकर्ताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये कार्यकर्ता सोमवार की सुबह तक, जब तक उम्मीदवार और काउंटिंग एजेंट मतगणना केंद्रों पर नहीं पहुंचते, तब तक निगरानी बनाए रखेंगी।

## दिलीप घोष ने ममता बनर्जी की स्थिति की तुलना 'डोनाल्ड ट्रंप' से की

**पूर्व मेदिनीपुर :** मतगणना से पहले भाजपा नेता दिलीप घोष ने संभावित अशांति को लेकर विवादित टिप्पणी की है। पूर्व मेदिनीपुर जिले के मेचेदा में आयोजित भाजपा की एक चुनावी कार्यशाला के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि दो चरणों में मतदान हो चुका है, खेला हो चुका है और अब नतीजे आना बाकी हैं। घोष ने कहा कि ममता बनर्जी एक तानाशाही मंत्री है। सत्ता उनके लिए सर्वोपरि है, और सत्ता जब हाथ से छिन रही है तो कुछ भी करने को तैयार हैं। अभी उनकी हालत डोनाल्ड ट्रंप की तरह हो गई है। जब सत्ता हाथ से निकलती दिखाई देती है तो वे किसी भी हद तक जाने को तैयार हो सकती हैं। उन्होंने आशंका जताई कि मतगणना के दिन भी किसी अप्रिय घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मेचेदा के एक गेस्ट हाउस में आयोजित इस बैठक में अविभाजित मेदिनीपुर क्षेत्र की 35 विधानसभा सीटों के उम्मीदवार, एजेंट और भाजपा के कई नेता मौजूद थे।

बैठक के बाद दिलीप घोष ने दावा किया कि पहले चरण के मतदान के बाद ही तृणमूल कांग्रेस को यह आभास हो गया था कि वह पीछे चल रही है, इसलिए दूसरे चरण में गड़बड़ी की कोशिश की गई। उन्होंने आशंका जताई कि मतगणना के दिन भी अशांति की स्थिति बन सकती है, क्योंकि हार स्वीकार करना कुछ लोगों के लिए कठिन हो सकता है।



डायमंड हार्बर और मगराहाट के 15 बूथों पर शांतिपूर्ण रूप से पुनर्मतदान हुआ संपन्न

## वोटों की गिनती के लिए संविदा कर्मियों की ड्यूटी पर भड़के शुभेंदु अधिकारी, चुनाव आयोग से हस्तक्षेप की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा उम्मीदवार व वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को पिंगला और दासपुर विधानसभा क्षेत्रों में मतगणना के दिन संविदा कर्मचारियों को ड्यूटी पर तैनात करने को लेकर चिंता जताई। उन्होंने तृणमूल पर जनादेश में हेरफेर करने की साजिश रचने का आरोप लगाया और चुनाव आयोग से हस्तक्षेप की मांग की। एक पोस्ट में शुभेंदु अधिकारी ने लिखा कि क्या लोकतंत्र का भविष्य संविदा कर्मचारियों के हाथों में सौंपा जा रहा है? यह एक गंभीर चिंता का विषय है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता पर सीधा हमला है। 227–पिंगला विधानसभा क्षेत्र (एसी) और 230–दासपुर विधानसभा क्षेत्र



(एसी) के लिए जारी मतगणना आदेशों को देखकर मैं स्तब्ध हूं, जहां मतगणना कार्यों के लिए बड़ी संख्या में संविदा और अस्थाई कर्मचारियों को तैनात किया गया है। उन्होंने मतदान की गिनती के लिए जीविका सेवकों, सहायकों और संविदात्मक मतदान अधिकारी की तैनाती पर सवाल उठाए हैं। भाजपा नेता ने सवाल उठाए कि ईवीएम, वीवीपीएटी और डाक मतपत्रों को संभालने जैसे संवेदनशील कार्यों की जिम्मेदारी जीविका सेवकों और सहायकों को कैसे सौंपी जा सकती है? ये पद स्वाभाविक रूप से राजनीतिक दबाव के प्रति संवेदनशील होते हैं। आदेशों से पता चलता है कि महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए अस्थाई कर्मचारियों पर कितना भरोसा किया जा रहा है।

उन्होंने लिखा है कि पिंगला एसी (227), बिपालेंदु बेरा, शंकर पहाड़ी और नबा कुमार अपिक जैसे संविदा कर्मचारी मतगणना टीमों में शामिल हैं। यहां तक कि 'रिजर्व टैगिंग' में भी बीएलएए जैसे कर्मचारी लगे हुए हैं। ईवीएम मूवमेंट और यहां तक कि ईवीएम/वीवीपीएटी की सीलिंग में भी सहायकों, वीएलई और संविदा पर नियुक्त डीईओ की भरमार है। शुभेंदु अधिकारी ने चुनाव आयोग से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि चार मई को होने वाली मतगणना में नियमित सरकारी कर्मचारियों को शामिल किया जाए। उन्होंने लिखा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव अधिकारी बंगाल को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए, ताकि इन आदेशों में संशोधन किया जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि मतगणना प्रक्रिया में केवल स्थाई, नियमित सरकारी कर्मचारी ही शामिल हों, जिससे निष्पक्षता बनी रहे। चुनाव आयोग को इसे रोकने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए। हम जनता के जनादेश के साथ उन लोगों को छेड़छाड़ नहीं करने देंगे, जिनकी नौकरियां सत्ताधारी दल की मनमानी पर निर्भर करती हैं।



दक्षिण 24 परगना जिले के मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में पुनर्मतदान के दौरान सुरक्षा कड़ी रही, केंद्रीय बल के जवान लगातार गश्त करते दिखे

### भाजपा पोलिंग एजेंट के घर के बाहर मिला 'सफेद कफन'

**कोलकाता, समाज्ञा :** बशीरहाट हिंगलगंज विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के पोलिंग एजेंट कंकन बैद्य के घर के बाहर कथित तौर पर सफेद कफन मिलने से इलाके में दहशत फैल गई है। शनिवार को कंकन बैद्य की मां ने घर के बाहर एक संदिग्ध पैकेट पड़ा देखा। जब उसे खोला गया तो अंदर से सफेद कफन मिला। भाजपा ने आरोप लगाया है कि यह घटना उनके पोलिंग एजेंट और कार्यकर्ताओं को डराने के लिए की गई है। पार्टी का कहना है कि मतगणना से पहले दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है, हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा के कई नेता मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पार्टी ने प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

## फलता में सैकड़ों लोगों ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर धमकियां देने का आरोप लगाते हुए किया प्रदर्शन

### चुनाव आयोग ने जिला प्रशासन से तलब की रिपोर्ट



**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण 24 परगना जिले के फलता में मतगणना के बाद सुरक्षा मुहैया कराने की मांग पर शनिवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि उन्हें तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इस दिन, हाशिमनगर गांव में बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों में भाजपा के झंडे लेकर सड़क पर उतर आईं और आरोप लगाया कि स्थानीय पंचायत प्रधान तथा तृणमूल उम्मीदवार जहांगीर खान के करीबी इसराफील ने चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद हमले की धमकी दी है। स्थिति को देखते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के उप–कमांडेंट बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों के साथ प्रदर्शनकारियों के पास पहुंचे और सुरक्षा का भरोसा दिया। भाजपा महिला मोर्चा से जुड़ीं प्रदर्शनकारी फातिमा बीबी ने कहा कि 30 अप्रैल से इसराफील और उसके लोग इलाके में आकर धमकी दे रहे हैं कि पांच मई के बाद खून–खराबा होगा। हम सीआरपीएफ कर्मियों को यहां तैनात रखने की मांग करते हैं।

वहीं, जहांगीर खान ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह प्रदर्शन भाजपा द्वारा 'प्रायोजित' है, ताकि मतगणना से पहले टीएमसी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी करवाई जा सके और समर्थकों का मनोबल गिराया जा सके। उन्होंने कहा कि अगर आरोप सही साबित हुए तो मैं कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार हूं। सीआरपीएफ के एक अधिकारी ने कहा कि हम स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर लोगों में भरोसा पैदा करने आए हैं और उन्हें पूरी सुरक्षा का आश्वासन दिया गया है। शाम 7 बजे, प्रदर्शनकारी निर्वाचन आयोग के इस आश्वासन के बाद सड़क से हट गए कि उनकी शिकायतों पर ध्यान दिया जाएगा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसने इस मामले में जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है।

---

### जहांगीर खान के करीबियों के खिलाफ एफआईआर, तीन गिरफ्तार

दक्षिण 24 परगना जिले के फलता में टीएमसी नेताओं की धमकी के बाद चुनाव आयोग ने एक्शन लिया है। फलता से तृणमूल उम्मीदवार जहांगीर खान के 'करीबियों' के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि अगर आदेश का पालन नहीं किया गया तो पुलिस के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

चुनाव आयोग के निर्देश के बाद पंचायत प्रधान इसराफुल चकदर और उसके साथी सुजा–उद्दीन शेख के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। फलता के हाशिमनगर में लोगों को धमकाने के आरोप में तीन तृणमूल कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम अतीबुर शेख, हबीब मोल्ला, हबीब शेख हैं।

## कालीघाट थाने के ओसी को 'आपत्तिजनक' व्हाट्सऐप स्टेटस के कारण किया गया निलंबित

❑ **तृणमूल कांग्रेस की शिकायत पर हुई कार्रवाई, चमेली मुखोपाध्याय नई प्रभारी नियुक्त**



**कोलकाता, समाज्ञा :** कालीघाट पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी गौतम दास को एक विवादित व्हाट्सऐप स्टेटस के कारण निलंबित कर दिया गया है। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दास की जगह चमेली मुखोपाध्याय को नियुक्त किया गया है। यह घटनाक्रम विधानसभा चुनाव में मतगणना से दो दिन पहले हुआ है। दास को निलंबित करने की कार्रवाई राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस द्वारा निर्वाचन आयोग में दर्ज कराई गई शिकायत के बाद की गई। तृणमूल ने आरोप लगाया गया कि दास ने सेवा नियमों का उल्लंघन करते हुए सोशल मीडिया पर एक 'आपत्तिजनक' तस्वीर पोस्ट की है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश मजूमदार द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर वर्दी में रहते हुए हथियार पकड़े हुए अधिकारी की एक तस्वीर साझा करने के बाद निर्वाचन आयोग से पूरे मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की थी। खबरों के मुताबिक, दास ने तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा था कि नई जिम्मेदारी के लिए तैयार। मजूमदार ने इस पोस्ट को अनुचित बताते हुए कहा कि यह तस्वीर न केवल असहज करने वाली है बल्कि कानून की नजर में भी आपत्तिजनक है। इसमें साफ तौर पर दिख रहा है कि वह किसी पर आधुनिक बंदूक ताने हुए है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पोस्ट ने कोलकाता पुलिस के सोशल मीडिया दिशानिर्देशों के साथ–साथ केंद्र सरकार के निर्देशों का भी उल्लंघन किया है। मजूमदार ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात किसी भी पुलिस अधिकारी को वर्दी में तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करने की अनुमति नहीं है। धमकी भरे या भड़काऊ कैप्शन या तस्वीरें पोस्ट करना पूरी तरह से वर्जित है। तृणमूल प्रदेश उपाध्यक्ष ने अपनी शिकायत में सवाल किया कि क्या तस्वीर में दिख रही बंदूक आधिकारिक तौर पर अधिकारी को आवंटित की गई थी और क्या वह इसका इस्तेमाल करने के लिए अधिकृत या प्रशिक्षित है। मजूमदार ने कहा, 'इस तरह की पोस्ट को आम जनता के लिए खतरा माना जा सकता है।' उन्होंने मामले में कड़ी कार्रवाई और जांच की मांग की। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि इस मुद्दे को उजागर करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल और कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय नंदा को पत्र भेजे गए थे।

# हावड़ा में कड़ी सुरक्षा के बीच कल मतगणना, संवेदनशील इलाकों में भारी केंद्रीय बल तैनात

## तीन-स्तरीय सुरक्षा घेरा, हर स्तर पर कड़ी निगरानी

**हावड़ा, समाज्ञा :** राज्य के अन्य हिस्सों की तरह हावड़ा सदर में भी सोमवार, 4 मई को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तीन केंद्रों पर मतगणना कराई जाएगी। प्रशासन ने किसी भी प्रकार की अशांति से निपटने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती की गई है। जिला प्रशासन के अनुसार, सभी मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू रहेगी। पहले स्तर पर काउंटिंग सेंटर के 100 मीटर के दायरे में एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट और राज्य पुलिस के अधिकारी मौजूद रहेंगे। दूसरे स्तर पर स्टेट आर्म्ड पुलिस फोर्स तैनात रहेगी, जबकि तीसरे स्तर यानी काउंटिंग हॉल से लेकर स्ट्रॉन्ग रूम तक की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह केंद्रीय बलों के हाथ में होगी। हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट के सूत्रों के मुताबिक, तीनों काउंटिंग सेंटरों पर कुल 6 कंपनियां केंद्रीय बल की तैनात रहेंगी, यानी प्रत्येक केंद्र पर लगभग 2 कंपनियां। इसके अलावा, मतगणना के दिन कमिश्नरेट क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त 16 कंपनियां केंद्रीय बल की तैनात की जाएंगी। केंद्रीय बलों के साथ सशस्त्र राज्य पुलिस भी




तैनात रहेगी। काउंटिंग सेंटर के 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के जमावड़े पर पूरी तरह रोक रहेगी।

हावड़ा की जिलाधिकारी पी. दीपाप प्रिया ने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के एजेंटों को निर्देश दिया गया है कि वे काउंटिंग सेंटर के सामने ही मौजूद रहें। यदि कोई एजेंट केंद्र से बाहर जाता है और दोबारा प्रवेश के समय वैध पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाता, तो उसे अंदर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि मतगणना केंद्र के भीतर किसी प्रकार की भीड़ या अव्यवस्था न हो। गौरतलब है कि हावड़ा सदर में तीन स्थानों पर स्ट्रॉन्ग रूम बनाए गए हैं और वहीं मतगणना होगी। बाली, हावड़ा उत्तर और हावड़ा मध्य विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना हावड़ा मैदान स्थित योगेशचंद्र गर्ल्स स्कूल में होगी। वहीं, लक्ष्मीनारायणतला स्थित शिवपुर आईआईईएसटी परिसर में शिवपुर, हावड़ा दक्षिण और सांकराइल विधानसभा क्षेत्रों के वोटों की गिनती की जाएगी। इसके अलावा, मध्य हावड़ा के कासुंदिया स्थित विवेकानंद इंस्टिट्यूशन स्कूल में पांचला, जगतबल्लभपुर और डोमजूरड विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना होगी।

# ममता ने सत्यजीत रे की कृतियों को सिनेमा की अमूल्य धरोहर बताया

**कोलकाता, समाज्ञा**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को फिल्मकार सत्यजीत रे को उनकी 105वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी कालजयी कृतियां सिनेमा की दुनिया में हमेशा एक अमूल्य धरोहर बनी रहेंगी। ममता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि रे की कालजयी कृतियां विश्व सिनेमा में एक अमूल्य धरोहर के रूप में बनी रहेंगी।

**Change of Name**

I, Gouri Shankar Gupta, son of Late Mohan Lal Gupta, residing at 21, Baptist Burial Ground, Salkia, Howrah-711106, do hereby solemnly affirm and declare that Gouri Shankar Gupta and Gouri Sankar Gupta mean and indicate the same and one identical person via affidavit in the Court of Ld Executive Magistrate 1st Class at Howrah dated 23rd April 2026.

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

मेट्रो रेलवे, कोलकाता ब्लू लाइन के 26 स्टेशनों अर्थात दक्षिणेश्वर-कवि सुभाष और ग्रीन लाइन के 5 स्टेशनों अर्थात सियालदह, फूलबागान, सिटी सेंटर, करुणामयी और सॉल्ट लेक सेक्टर V में डिजिटल स्टैंडी (35 अदद) के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए बाज़ार की सर्वोत्तम दरें प्राप्त करने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

इच्छुक फर्म/एजेंसियां ईओआई कागजात **https://mtp.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड कर सकती हैं और जल्द से जल्द अपनी सर्वोत्तम दर के साथ उप सीएमई/पीएलजी. एवं ईएनएचएम, पीसीओएम/मेट्रो रेलवे/कोलकाता के कार्यालय, मेट्रो रेल भवन, 7वीं मंज़िल, 33/1, जे.एल. नेहरू रोड, कोलकाता-71 से संपर्क कर सकती हैं; किसी भी अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क नंबर: 033-22264227, **अंतिम तिथि:** 18.05.2026, **समय:** 18.30 बजे तक।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/जोका**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

# हुगली में नकली लॉटरी के नाम पर ठगी का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** चंडीतला थाना क्षेत्र में नकली लॉटरी के जरिए ठगी करने वाले एक गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नकली लॉटरी तैयार करने के कई उपकरण और दस्तावेज बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, 20 फरवरी को संदीप घोष नामक एक व्यक्ति ने चंडीतला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि उनकी लॉटरी दुकान पर दो अज्ञात व्यक्ति आए और कुछ लॉटरी टिकट दिखाकर दावा किया कि उन पर करीब 3 लाख रुपये का इनाम निकला है। आरोपियों ने भरोसा जीतने के लिए कुछ लॉटरी टिकट खरीदे और उन्हें दुकानदार के पास छोड़ते हुए अगले दिन पैसे लेने की बात कही। साथ ही उन्होंने एक बैंक खाता नंबर देकर उसमें रकम



ट्रांसफर करने को कहा। दुकानदार ने विश्वास में आकर अगले दिन बताए गए खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उन्होंने उन टिकटों को अधिकृत एजेंसी में जमा किया, तो पता चला कि सभी टिकट नकली हैं। शिकायत के आधार पर चंडीतला थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हुगली ग्रामीण एसओजी की मदद से मगरा थाना क्षेत्र के कुंतीघाट से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरजीत सरकार (42), काजल शेख (27) और प्रीतन सोनी (35) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों को 8 दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की। इस दौरान उनके किराए के मकान से नकली लॉटरी तैयार करने के कई उपकरण बरामद किए गए। बरामद सामान में लैपटॉप, पेन ड्राइव, दो हाई-क्वालिटी प्रिंटर, लॉटरी प्रिंटिंग पेपर, कटिंग बोर्ड, 9 मोबाइल फोन, करीब 40 एटीएम कार्ड, कई पैन कार्ड और फर्जी आधार कार्ड शामिल हैं। घटना में इस्तेमाल की गई एक चारपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता ने अदालत में आरोपियों की पहचान भी कर ली है। मामले की जांच जारी है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। हुगली ग्रामीण पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि इस तरह के लालच में न आएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी थाने को दें। यह जानकारी पुलिस ने प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया को दी।

# द्वितीय हुगली सेतु के पास चलती कार में आग, सभी यात्री सुरक्षित



**कोलकाता :** द्वितीय हुगली सेतु (विद्यासागर सेतु) से सटे कोना एक्सप्रेसवे के नवान्न के पास एक चलती निजी कार में अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना उस समय हुई जब कार कोलकाता से हावड़ा की ओर जा रही थी। खबर मिलते ही दमकल विभाग की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और कार में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है, हालांकि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और दमकल विभाग ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

**एसएमवीटी बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस का पुनर्निर्धारण**

दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल में रूपसा यार्ड पर यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के लिए दिनांक 11.05.2026 से 17.05.2026 तक 07 दिनों के लिए प्री नॉन-इंटरलॉकिंग/नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप, **12551 एसएमवीटी बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू की तारीख 16.05.2026) को एसएमवीटी बेंगलुरु से **90 मिनट के लिए** पुनर्निर्धारित किया जाएगा। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, ऑफिस बिल्डिंग, पो. ऑ.-झलझलिया, जिला मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) (नीलामी आयोजित करने वाले अधिकारी) द्वारा मालदा मंडल में एसएलआर में पार्सल की जगह के परिचालन के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी कैटलॉग प्रकाशित की गई है। **नीलामी कैटलॉग संख्या: पार्सल-ईए-एमएवाई-6। नीलामी शुरू होने की तारीख:** 06.05.2026। **समय:** सुबह 11.00 बजे। **लॉट संख्या:** 13072-एसएलआर-एफ1-जेएमपी-एचडब्ल्यूएच-26-1 (पार्सल-एसएलआर)। भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे तत्पश्चात विवरण के लिए आईआरईपीएस ई-नीलामी मॉड्यूल देखें। (MLD-26/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# पिंडदान कर लौट रहे परिवार की कार हादसे का शिकार, 4 की दर्दनाक मौत

**हुगली :** गया से पिंडदान कर लौट रहे एक ही परिवार की कार सिंगुर के रतनपुर में भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। इस दुर्घटना में परितोष कीर्तनिया (59), काजल कीर्तनिया (55), फूली मुखर्जी (33) और मिठू बाग (31) की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य लोग घायल हो गए हैं। पुलिस और पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, डानकुनी क्षेत्र से एक परिवार अपने रिश्तेदारों के साथ कुल 10 लोग पिंडदान के लिए गया गया था। शुक्रवार तड़के लौटते समय उनकी कार सिंगुर के रतनपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर खड़े एक डंपर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद सभी घायलों को तुरंत सिंगुर ट्रॉमा केयर सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने 4 लोगों को




मृत घोषित कर दिया। अन्य 5 घायलों को बेहतर इलाज के लिए वॉल्श अस्पताल रेफर किया गया, जबकि एक बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। मृतकों की पहचान परितोष कीर्तनिया, काजल कीर्तनिया और उनकी दो बेटियां फूली मुखर्जी तथा मिठू बाग के रूप में हुई है। सभी मृतक डानकुनी थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# दूसरे चरण के मतदान के बाद स्ट्रॉन्ग रूम में कड़ी सुरक्षा, सोमवार को होगी मतगणना

**हुगली :** राज्य में दूसरे चरण का मतदान 29 तारीख को संपन्न हो चुका है, जबकि कुछ बूथों पर शनिवार को पुनर्मतदान कराया गया। आगामी सोमवार को मतगणना होगी। मतगणना से पहले जिन स्ट्रॉन्ग रूम में ईवीएम मशीनें रखी गई हैं, वहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। स्ट्रॉन्ग रूम पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। इन कैमरों की लाइव तस्वीरें बाहर लगे मॉनिटर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता बारी-बारी से मॉनिटर के जरिए नजर रख रहे हैं। वहीं, कई उम्मीदवार भी समय-समय पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। स्ट्रॉन्ग रूम में प्रवेश से पहले विजिटर रजिस्टर में नाम और समय दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। सुरक्षा के लिए प्रवेश द्वार पर राज्य पुलिस तैनात है, जबकि स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर केंद्रीय बल के जवान हथियारों के साथ मुस्तैद हैं। हालांकि, श्रीरामपुर कॉलेज में कुछ समय के लिए सीसीटीवी मॉनिटर का लिंक बाधित होने की शिकायत सामने आई थी, लेकिन अब तक किसी भी राजनीतिक दल की ओर से कोई बड़ी शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

हुगली जिले की 18 विधानसभा सीटों के लिए 6 स्थानों पर स्ट्रॉन्ग रूम बनाए गए हैं। श्रीरामपुर कॉलेज में उत्तरपाड़ा, श्रीरामपुर, चांपदानी, चंडीतला और जंगीपाड़ा की ईवीएम रखी गई हैं।

चंदननगर कॉलेज में हरिपाल और तारकेश्वर, कानाइलाल स्कूल में चंदननगर और सिंगुर, जबकि चूचुड़ा स्थित हुगली इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में चूचुड़ा, धनियाखाली, पांडुआ और बलागढ़ की ईवीएम रखी गई हैं। बैंडेल सर्वे कॉलेज में सप्तग्राम विधानसभा का स्ट्रॉन्ग रूम बनाया गया है। वहीं, आरामबाग के नेताजी कॉलेज में आरामबाग महकमे की चार विधानसभा सीटों पुरशुड़ा, खानाकुल, आरामबाग और गोगहाट की ईवीएम रखी गई हैं, और वहीं मतगणना भी होगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: ELS-GKP-BOGIE-2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरएस/गोरखपुर, विद्युत लोको शेड गोरखपुर/पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।, **निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम:** निविदा सूचना संख्या: ELS-GKP-BOGIE-2026, "इलेक्ट्रिक लोको शेड, गोरखपुर में 2 वर्ष की अवधि के लिए 50 nos WAP4 इलेक्ट्रिक लोकों के बोगी फ्रेम, बोलेस्टर और ब्रेक रिगिंग के साथ मरम्मत/ओवरहॉलिंग हेतु कार्य, **अनुमानित लागत (रु. में)** ₹10647809.00, **अग्रिम धन (रु. में)** ₹ 213000.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹ 00.00 **निविदा की अवधि:** 24 माह, • ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 26.05.2026, 15:00 बजे तक एवं यह ई-निविदा 26.05.2026 को 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी।, • इस ई-निविदा से संबन्धित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम आहर्ताएं तथा नियम एवं शर्तें, रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।, • निविदाकार, ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस निविदा से संबन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मं0वि0इंजी0/टीआरएस, मुजाधि/विद्युत-31 विद्युत लोको शेड, गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**दक्षिण पूर्व रेलवे - ई-निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2026/14, दिनांक: 30.04.2026।** "ई" प्रापि प्रणाली हेतु निविदा। भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (5वीं मंज़िल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डन रीच रोड, कोलकाता-700043 खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं, जिन्हें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निम्नानुसार अपलोड किया गया है। सभी निविदाएं **दोपहर 2.00 बजे** बंद कर दी जाएंगी।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | बंद होने की तारीख | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | जमा बयाना राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33263188 | 21.05.2026 | सेंटरिंग डिस्क आदि | 932 अदद | 1,36,370 |
| 2 | 33263014 | 22.05.2026 | ट्रैक्शन सेंटर इलास्टिक जॉइंट आदि | 4209 अदद | 1,25,260 |
| 3 | 33263434 | 22.05.2026 | एयर स्प्रिंग असेंबली क्षमता 160 केएन आदि | 1300 अदद | 20,00,000 |
| 4 | 33261480 | 09.06.2026 | एलएचबी कोचों के सेकेंडरी सस्पेंशन के लिए टीपीयू रिंग्स का सेट आदि | 580 सेट | 2,95,660 |
| 5 | 33263249 | 22.05.2026 | बेहतर हाई टेन्साइल टाइट लॉक सेंटर बफर कपलर आदि | 1800 अदद | 20,00,000 |
| 6 | 31263660 | 17.06.2026 | मेटलाइज्ड कार्बन स्ट्रिप्स आदि | 302 अदद | 1,43,220 |
| 7 | आईजी 255892बी | 01.06.2026 | 500 केवीए क्षमता का इनडोर टाइप डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर आदि | 04 अदद | 1,74,640 |
| 8 | 60265151 | 22.05.2026 | मोनो ब्लॉक चौड़े प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट स्लीपर का निर्माण और आपूर्ति आदि | 20000 अदद | 17,34,600 |
| 9 | 72263053 | 21.05.2026 | टी.सी. इंसर्ट न्यूट्रल अपएन्डेड, 30मिमी लंबा आदि | 14,050 अदद | 1,33,95,832 |
| 10 | 33263397 | 11.06.2026 | ब्रेक सिलेंडर आदि | 62 सेट | 2,81,580 |
| 11 | 33260002 | 03.06.2026 | एंटी रोल बार ब्रैकेट आदि | 4997 सेट | 1,18,930 |
| 12 | 33263458 | 15.06.2026 | ब्रेक कैलिपर यूनिट राइट वर्जन | 50 अदद | 2,01,400 |
| 13 | 31263446ए | 01.06.2026 | वैक्यूम सर्किट ब्रेकर सिंगल बॉटल वीसीबी आदि | 15 अदद | 1,11,950 |
| 14 | 29263192 | 19.05.2026 | ट्रांसफॉर्मर के लिए ऑयल कूलिंग यूनिट के इंपेलर | 442 अदद | 4,79,840 |
| 15 | 25261213 | 25.05.2026 | इंडिपेंडेंट ब्रेक वाल्व | 177 अदद | 76,630 |
| 16 | 29263136 | 25.05.2026 | ऑक्सिलियरी कॉन्टैक्ट ब्लॉक के साथ कॉन्टैक्टर ऑक्सिलियरीज़ | 537 अदद | 1,90,100 |
| 17 | 29264972 | 26.05.2026 | स्पीड प्रोब हाउसिंग (एनडीई) | 550 अदद | 1,93,400 |
| 18 | 25263659 | 27.05.2026 | मोटर के साथ ट्रैक्शन मोटर ब्लोअर | 33 अदद | 1,24,890 |
| 19 | 29263755 | 08.06.2026 | कंट्रोल इलेक्ट्रॉनिक्स ऑन और कंट्रोल इलेक्ट्रॉनिक्स ऑफ़ के लिए कॉन्टैक्टर | 329 अदद | 1,51,410 |
| 20 | 29264994 | 09.06.2026 | हॉल इफ़ेक्ट एक्टिव स्पीड सेंसर | 407 अदद | 1,85,860 |
| 21 | 29263251 | 09.06.2026 | प्राइमरी वोल्टेज ट्रांसफ़ॉर्मर | 33 अदद | 1,84,200 |
| 22 | 29263134 | 10.06.2026 | कंप्रेसर और स्कैवेंजर ब्लोअर मोटर के लिए कॉन्टैक्टर | 1023 अदद | 1,84,690 |
| 23 | 29264992 | 10.06.2026 | प्लग के साथ हाई वोल्टेज केबल | 49 सेट | 1,86,990 |
| 24 | 29263169 | 11.06.2026 | दो मद सम्मिलित विजिलेंस कंट्रोल डिवाइस (वीसीडी) | 22 अदद | 1,05,400 |
| 25 | 29263103 | 15.06.2026 | डीसी-डीसी कन्वर्टर (24वी48वी) | 320 सेट | 1,27,630 |
| 26 | 29263167 | 16.06.2026 | सिंगल कोर केबल 9जीकेडब्ल्यूए 4000वी-बीके | 2816 मीटर | 1,12,440 |
| 27 | 25263617 | 17.06.2026 | फुट इंसुलेटर आदि को छोड़कर पेंटोग्राफ़ कम्प्लीट असेंबली | 77 अदद | 1,68,500 |

निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन मदों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने तथा तत्पश्चात प्रकाशित किसी भी संशोधनी के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। **(PR-108)**

# रायबरेली में बने पहले वंदे भारत ट्रेनसेट को टेस्टिंग के लिए किया गया रवाना

**कोलकाता/रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका), रायबरेली में निर्मित पहले 16-कोच वंदे भारत चेयर कार ट्रेनसेट को डायनेमिक टेस्टिंग और फील्ड ट्रायल के लिए रवाना कर दिया गया। इसके साथ ही आरेडिका ने वंदे भारत ट्रेनसेट निर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत वर्ष 2018 में केवल दो ट्रेनसेट से हुई थी, जो अब तेजी से 100वें ट्रेनसेट के पड़ाव की ओर बढ़ रही है। यह उपलब्धि भारतीय रेल के आधुनिकीकरण और उन्नत तकनीक के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

इस नए ट्रेनसेट में अत्याधुनिक सीमेंस प्रोपल्शन सिस्टम लगाया गया




है। नियमित सेवा में शामिल करने से पहले इसका ऑस्सिलेशन परीक्षण किया जाएगा, जिससे इसकी राइड क्वालिटी, सुरक्षा मानकों और प्रदर्शन की व्यापक जांच सुनिश्चित की जा सके। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन में कई आधुनिक सुविधाएं दी गई हैं, जिनमें आरामदायक सीटें, झटके रहित यात्रा, पूरी तरह सील्ड गैंगवे और शोर कम करने वाले ऑटोमैटिक प्लग डोर शामिल हैं। इसके अलावा इसमें स्वदेशी 'कवच' ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम, उन्नत अग्नि पहचान प्रणाली और अंडर स्लंग उपकरणों के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी मौजूद है। ट्रेन को वैक्यूम इन्फ्यूजन तकनीक से उच्च गुणवत्ता वाली फिनिशिंग दी गई है और यह पूरी तरह दिव्यांगजन-अनुकूल है। यह ट्रेनसेट भारत में तेज, सुरक्षित और आधुनिक रेल सेवा के भविष्य की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# हुगली के हरिपाल में केंद्रीय बल के जवान पर छेड़छाड़ का आरोप, थाने के सामने प्रदर्शन

**हुगली :** हरिपाल थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़ के आरोप को लेकर इलाके में तनाव का माहौल बन गया। घटना के विरोध में तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाने के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात हरिपाल के बंदीपुर इलाके में कक्षा सात की एक छात्रा ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में एक केंद्रीय बल के जवान ने उसका हाथ पकड़कर खींचने की कोशिश की और उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। छात्रा किसी तरह वहां से भाग निकली। बाद में स्थानीय लोगों ने आरोपी जवान को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी जवान को हिरासत में लेकर हरिपाल थाने में रखा है और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के विरोध में थाने के बाहर तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया।

तृणमूल कांग्रेस की हरिपाल से प्रत्याशी कारवी मान्ना ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक घटना है और ऐसे व्यवहार की किसी भी कीमत पर अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि राज्य में शांति व्यवस्था बनी रहनी चाहिए और इस तरह की घटनाएं अस्वीकार्य हैं। वहीं, सिंगुर के निवर्तमान विधायक और पूर्व मंत्री बेचराम मान्ना ने भी घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि पीड़िता के परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है और उन्हें उम्मीद है कि आरोपी को कड़ी सजा मिलेगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पूरे घटनाक्रम पर नजर रखी जा रही है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

**सं. ईएल/50/एनआईटी/88 (2026-27), दिनांक 28.04.2026**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या-** ईएल/50/315/2026-27, **कार्य का नाम-** कोटा NAD और RMA - JLWC SECTION पर 12 मीटर चौड़े केंद्रीय एफओबी ABSS के अंतर्गत 7 स्टेशनों पर शेष 16 लिफ्टों की व्यवस्था (RMA-2, VMA-1, CUM-3, SGZ-3, GOH-3, BWM-1, JLWC-3, कुल 16) | RMA-1, CMU-3, SGZ-3, GOH-3, कुल 10 लिफ्टों के लिए निविदा जारी की गई (ई-ऑफिस फाइल कंप्यूटर संख्या 354346 के अनुसार)।, **अनुमनित लागत (रू.में)-** 6,73,31,089.00, **बयाना राशि (रु.में)-** 13,46,600/-, **कार्य समाप्ति अवधि** - 08 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय-** 21.05.2026 को 15:00 बजे तक एवं खुलने का समय 15:15 बजे, ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेब साईट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें।

(हस्ता.)

कृते वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) पश्चिम मध्य रेल, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# डॉलर इंडस्ट्रीज के संस्थापक दीनदयाल गुप्ता का निधन

**कोलकाता, समाज्ञा :** होजरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक और मानद चेयरमैन दीनदयाल गुप्ता का शनिवार को उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। गुप्ता के परिवार में उनकी पत्नी, चार बेटे और पोते-पोतियां हैं, जो अब डॉलर इंडस्ट्रीज का व्यवसाय संभालते हैं। हरियाणा के भिवानी जिले के मानहेरू गांव में 13 सितंबर, 1937 को जन्मे गुप्ता 1962 में कोलकाता आ गए थे। उन्होंने ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप होजरी उत्पादों का निर्माण और बिक्री शुरू की। उन्होंने 1972 में डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड की नींव रखी और पांच दशकों से अधिक समय तक इसे एक साधारण शुरुआत से आगे बढ़ाते हुए भारत के अग्रणी



होजरी और परिधान निर्माताओं में से एक बनाया। इसका राजस्व 1,700 करोड़ रुपये से अधिक है। उन्हें पश्चिम बंगाल होजरी एसोसिएशन की ओर से लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और सन्मार्ग बिजनेस अवार्ड सहित कई अन्य सम्मान प्राप्त हुए।

# हावड़ा में बीजेपी नेता श्रमिक भट्टाचार्य का दावा: टीएमसी सरकार को जनता ने किया खारिज

**हावड़ा :** बीजेपी नेता श्रमिक भट्टाचार्य ने शनिवार को हावड़ा में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि जनता ने मौजूदा सरकार को पूरी तरह खारिज कर दिया है और भवानीपुर क्षेत्र में भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लोगों ने नकार दिया है। श्रमिक भट्टाचार्य ने कहा कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, लेकिन वहां भी सरकार को झटका लगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार अदालत जाने से कोई लाभ नहीं होगा और यह जनता के धन और संसाधनों का दुरुपयोग है।

बीजेपी नेता ने आगे दावा किया कि सत्ता परिवर्तन के बाद बनने वाली नई सरकार के शपथ ग्रहण के 15 दिनों के भीतर एक व्हाइट पेपर जारी किया जाएगा। इसमें पिछले 15 वर्षों के



दौरान कथित आर्थिक घोटालों और धन के दुरुपयोग का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया पर टिप्पणी करते हुए भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि मतदाताओं के अधिकारों को प्रभावित करने की कोशिशें की गईं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बलों को हटाकर स्थानीय पुलिस के माध्यम से चुनाव को प्रभावित करने की योजना थी, जैसा कि पहले नगर निकाय और पंचायत चुनावों में देखने को मिला है। हालांकि, उन्होंने चुनाव आयोग की व्यवस्थाओं की सराहना भी की और कहा कि कुल मिलाकर चुनाव प्रणाली काफी हद तक मजबूत रही। इसके बावजूद उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ स्थानों पर गड़बड़ी की कोशिशें हुईं, जिसके कारण पुनर्मतदान (रिपोल) की स्थिति बनी। अंत में उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी मतदान प्रक्रिया में भाग लिया और जनता का स्पष्ट संदेश है - पहाड़ से सागर तक परिवर्तन चाहिए।



# भांडाशाह जैन मंदिर, बीकानेर, राजस्थान

## हमारी अनजानी धरोहर 96



**डॉ. एस. के. सैनी**

बीकानेर शहर में लक्ष्मीनाथ मंदिर के पास स्थित भांडा शाह मंदिर अपनी अनूठी वास्तु कला के लिए तो प्रसिद्ध है ही किंतु एक और विशिष्ट तथ्य के लिए यह मंदिर प्रसिद्ध है जो पूरे भारत में ही नहीं पूरे विश्व में कहीं पर भी ऐसी विश-षता नहीं पाई जाती है।

15वीं शताब्दी में निर्मित यह मंदिर जैन तीर्थंकर सुमति नाथ जी को समर्पित है और उसे समय के तत्कालीन प्रसिद्ध नगर सेठ भांडा शाह के द्वारा इस मंदिर का निर्माण किया गया था इस मंदिर की अनूठी विशेषता यह है कि इस मंदिर में नीव में पानी के बजाय 40000 किलो देसी घी का प्रयोग किया गया था और यही कारण है कि जब गर्मीयां पड़ती है, चिलचिलाती धूप पड़ती हैं तो इसकी नीव से यह घी पिघलता हुआ आकर के और चबूतरो पर बाहर निकलता हुआ दरारों से दिखाई देता है जो अपने आप में ही एक अद्भुत दृश्य है, किस तरह से वास्तुकला में किन-किन चीजों का प्रयोग किया जाता था कहते हैं कि प्राचीन वास्तुकला में चूने के पत्थर को बड़ी-बड़ी चक्कियों से पीसकर उसमें भांति भांति के रसायन मिलाए जाते थे और उसके पश्चात पानी मिलाया जाता था और कुछ मात्रा में देसी घी का भी इस्तेमाल होता था

ताकि उसकी पकड़ मजबूत रहे किंतु यहां पर तो पानी के बजाय पूरा का पूरा देसी घी ऊंदेल दिया गया जो अपने आप में नीव को इतना सुदृढ़ कर गया कि वह कितना ही भूकंप आए कभी नहीं हिलेगी। इस



तरह का मिश्रण सीमेंट से भी कहीं ज्यादा मजबूत हो जाता है।

इस मंदिर की दूसरी विशेषता है इसके अंदर में दीवारों और छतों और खम्बो पर की गई चित्रकारी, बेल बूटे, द्वारपालों का चित्रण और जैन तीर्थंकरों की विभिन्न कथाओं का चित्रण इस मंदिर को और ज्यादा आकर्षक बना देता है साथ ही फर्श पर संगमरमर के फर्श पर की गई पच्ची कारी करके तरह-तरह के बेलबूटे उसमें बिठा दिए गए हैं और बाद में उसको घिस दिया गया है जो चिकना हो गया,वह अपने आप में बहुत अद्भुत है।

जब भी गर्मियों का मौसम आता है और तेज धूप मंदिर के ऊपर पड़ती है तो घी नीव से और चबूतरे से बाहर निकलता है पत्थरों की है बीच की दरारों के माध्यम से और वह आपके पैरों को चिकना कर देता है आपको ऐसा होता है कि कोई चिपक गई।यह चीज पैरों में जब आप देखते हैं कि यह कोई पानी नहीं है यह शुद्ध घी है, देख करके चमत्कृत रह जाते हैं। उस समय के इस नगर सेठ के द्वारा यह अद्भुत वास्तु निर्माण अपने आप में बेहद प्रशंसनीय है। मंदिर का फर्श अपने आप में वास्तु कला और संगमरमर निर्माण कला का अद्भुत संगम है अंदर का फर्श बाहर के फर्श से और ज्यादा चिकना है और मन करता है कि वहां बैठकर ध्यान की मुद्रा में कुछ मिनट बिताए जाएं।

# क्लास रेज-बच्चों की मानसिकता में बढ़ता उत्पात

**उषा जैन 'शीरीं'**



बच्चों का अधिकतम समय शिक्षा ग्रहण करते हुए क्लास में ही गुजरता है जहां उसका अपने क्लासमेट्स से इंटर एक्शन लंबे समय तक चलता है।

हर बच्चा अपने जींस और संस्कारों के अनुरूप ढलता है लेकिन वातावरण का उनकी मानसिकता पर जितना इमीजिएट प्रभाव पड़ता है, उसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। सभी इस बात को जानते हैं कि सिनेमा टीवी का बच्चों पर आज कितना गलत असर पड़ रहा है। ग्लैमर की चकाचौंध, ऐशपूर्ण जिन्दगी, स्वच्छंदता, उद्दंडता बड़ों की सीख की अवहेलना और अपनी मनमर्जी चलाना आज का नॉर्म है।

आज के बच्चों में धैर्य नहीं बल्कि यूं कहें कि आज की कल्चर में ही धैर्य नहीं है तो गलत न होगा। जब बड़ों में ही यह गुण नहीं है तो बच्चों से इस गुण की उम्मीद कैसे की जा सकती है। रोड रेज के किस्से बढ़ गए हैं। कुछ यही हाल क्लास रेज का भी है।

क्लास में बुली करने, दादागिरी दिखाने के किस्से तो टॉम जोंस, चार्ल्स डिंकस के जमाने से चले आ रहे हैं लेकिन आज इनका स्वरूप हद पार कर गया है। गर्लफ्रेंड को लेकर या पैसों को लेकर आज लड़के साथ पढ़ने वाले दोस्त की जान तक ले रहे है। कभी कोई मामूली सी कहासुनी ही बड़े झगड़े को जन्म दे देती है।

इस समय लड़कों में परिपक्वता की कमी होती है और खून गर्म होता है जोश में वे होश खो बैठते हैं और ऐसा कुछ कर गुजरते हैं जिसमें कई जिन्दगियां एक साथ बर्बाद हो जाती हैं। स्वयं का भविष्य तो अंधकार में डूबता ही है।

मां बाप पर ही अगर उंगली उठती है तो यह सही नहीं है। कई बार स्थिति मां बाप के नियंत्राण में नहीं रहती। लाख कोशिशों, सेक्रिफाइसेज के बावजूद बच्चा उनके कहने में नहीं रहता, उनकी बात नहीं सुनता। उसकी लाइफ बिगड़ जाती है। वे फिजूल अपने को दोषी मान सिर धुनते पछताते रह जाते हैं।

पीयर प्रेशर, आज के माहौल, बदलती सोच, फैशन के प्रति दीवानगी बढ़ती महत्वाकांक्षाओं से बच्चों को कैसे महफूज रखा जाए?

सबसे जरूरी बात है बच्चों के साथ निरंतर संवाद बनाये रखना, अपने प्रति उनमें विश्वास बनाए रखना ताकि वे अपनी सब बातें आपसे शेयर करते रहें। उन्हें समझना जरूरी है और उससे ज्यादा जरूरी है उनमें यह विश्वास जगाए रखना कि आप उन्हें समझते हैं। उनकी गलतियों पर बजाय तूफान खड़ा कर उन्हें डांटने मारने-जलील करने के उन्हें मॉफ करते हुए ये सोचें कि आखिर ऐसा क्यों हुआ? बच्चे को समझाया जाए कि इससे उसे कितना नुकसान हुआ है हो सकता या होने वाला है।

बचपन से ही बच्चे को आक्रामकता के बुरे परिणामों के बारे में सचेत करायें। 'टिट फॉर टेट' अर्थात जैसे को तैसा का पाठ न पढ़ाते हुए उसे इस तरह की स्थिति को सही तरीके से हैंडल करना सिखलाएं। टीचर से प्रिंसिपल से पेरेंट्स से शिकायत करने की राय दें, बजाय स्वयं मारपीट कर के हिसाब बराबर करने के क्योंकि ये हिसाब मारपीट से कभी बराबर नहीं होते।

बच्चे पर शुरू से लगातार 'वॉच' रखें। अगर आप को वो नॉर्मल बर्ताव से हटकर बर्ताव करता हुआ लगे तो सावधान हो जाएं। बच्चे का आक्रामक होना चिंता का विषय है। समझाने पर भी अगर वो नहीं समझता तो स्कूल में काउंसलर से क्लास टीचर से बात करें जानने की कोशिश करें कि क्लास में, स्कूल में कोई आपके बच्चे को बुली तो नहीं कर रहा है।


बच्चा जो पढ़ता है, जो टीवी पर देखता है, उससे वाकिफ रहें। इसी तरह इंटरनेट पर जो सर्च करता है, जो वीडियो गेम्स खेलता है, उसकी नॉलेज भी रखें। हिंसा और सैक्स से भरपूर फिल्में बच्चे को न देखने दें।

अगर आपके पास रिवॉल्वर है तो उसे बच्चे की पहुंच से दूर रखें । कभी भी भरी हुई पिस्तौल घर में न रखें। बच्चे का स्कूल बैग चैक करते रहें। उसके पास कोई भी इस तरह की चीज जिसे हथियार बना के इस्तेमाल किया जा सके, बरामद होने पर संभल जाएं। इस पर उचित एक्शन समय से ले लेंगे तो होने वाली मुसीबतों को टाला जा सकता है।

पेरेंट्स टीचर्स मीट में जरूर जाएं। यहां आपको बच्चे के बारे में फीडबैक मिलता है। बच्चे की जो भी शिकायतें आपके सामने रखी जाएं, उस पर बजाय भड़कने के ठंडे दिमाग से गौर करें। बच्चे के लिये रेज की अभिव्यक्ति जरूरी है। उन्हें अपने क्रोध को पहच-ानना तथा साथ ही स्वीकारना सिखायें।

आप स्वयं रोल मॉडल बनें। विपरीत पस्थितियों में आप स्वयं कैसे रिएक्ट करते हैं, आपका अपने पर कितना नियंत्राण रहता है। उस व्यवहार का बच्चे पर गहरा असर पड़ता है जो उसकी बाद की जिन्दगी में भी उसके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाता है। आप कूल रहेंगे तो बच्चा भी हॉट होकर क्लास में उत्पात मचाये, ऐसे चांसेस कम होंगे। (उर्वशी)

# गर चाहियें आकर्षक आईब्रोज



**सुनीता गाबा**

सुंदर आकर्षक आइब्रोज चेहरे पर चार चांद लगाती हैं। आईब्रो की सुंदरता में आईब्रोज के बालों का रंग,घनत्व,उनकी शेप सभी के निर्भर करती हैं। अगर भवें घनी काली हों और आकार भी खूबसूरत हो तो चेहरे की रौनक बढ़ जाती है। आइए देखें भवों की सुंदरता को कैसे बरकरार रखा जाए जिससे वे आकर्षक लगें.

◆ आईब्रोज की एक्स्ट्रा शाइन हेतु आईब्रो पर कंडीशनिंग अवश्य करें। रात्रि में सोने से पहले रूई के फाहे पर जैतून या अरंडी का तेल डालकर आईब्रोज पर लगाएं। रात्रि भर तेल भवों पर लगा रहे। कुछ दिनों लगातार ऐसा करने से भवें काली और घनी होंगी।

◆ कभी-कभी आईब्रोज पर रूसी हो जाती है। ऐसी अवस्था में अरंडी का तेल बहुत लाभ देता है।

◆ गर्मियों में बादाम का तेल आईब्रोज पर लगा सकते हैं।

◆ जो लोग आईब्रोज की सफाई प्लकिंग द्वारा करते हैं, उनके लिए आईब्रोज की कंडीशनिंग करना ज्यादा जरूरी होता है।

◆ आईब्रोज की ग्रोथ अच्छी हो इसके लिए प्रोटीन युक्त भोजन खाएं। ◆ शाकाहारी लोग अपने नियमित आहार में दूध,पनीर, बींस, टोफू व गाजर लें और मांसाहारी लोग चिकन, फिश व अंडे का सेवन करें। इससे आईब्रोज हैल्दी रहती हैं।

◆ आईब्रोज के बालों की अच्छी ग्रोथ और रंगत हेतु जिंक,खनिज भी अपनी डाइट में शामिल करें।

◆ कददू के बीजों में और अंडे में पर्याप्त मात्रा में ये सब मिलते हैं। घर पर आप कददू के बीजों को भूनकर खा सकते हैं। नमकीन आदि में मिलाकर भी ले सकते हैं।

◆ आईब्रो के आकार पर भी पूरा ध्यान दें ताकि चेहरा सुंदर लग सके।

◆ अपनी आंखों की शेप और चेहरे की शेप के अनुसार ही आईब्रोज को आकार दें। गोल चेहरे पर धनुषाकार भवें अच्छी लगती हैं। अंडाकार चेहरे पर भवें सीधी और जरा सी साइड से झुकी अच्छी लगती हैं। लंबे और चौकोर चेहरे पर भवें धनुषाकार अच्छी लगती हैं।

◆ घर पर अगर आप आईब्रो बनाते हैं तो पहले आईब्रो के अतिरिक्त बाल निकालें। फिर आंखों व नाक के कोने की सीध से आईब्रो की शेप शुरू करें। आईब्रो की लंबाई आंख के बाहरी कोने तक लाकर खत्म करें।

◆ कुछ लोगों की आईब्रोज में काफी गैप होता है। उन्हें पैंसिल से आकार ठीक कर लेना चाहिए।

◆ आईब्रो की लंबाई में अगर चोट लगने से आईब्रो कट जाए,बाल किसी कारण कम हो जाएं,या बाल सफेद हो जाएं तो आईब्रो पेंसिल कर प्रयोग कर ठीक आकार दें।

◆आजकल परमानेंट आईब्रोज शेप भी बनती हैं जो 10 से 12 साल तक रहती हैं। उनका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता।

◆ प्रथम बार आईब्रोज अच्छी ब्यूटी पार्लर से ब्यूटीशियन से सलाह लेकर सही शेप बनवाएं। (उर्वशी)

### ग्रीष्म ऋतु में करें त्वचा की रक्षा

ग्रीष्म ऋतु में सूर्य की तीक्ष्ण किरणों से त्वचा रूखी व झुर्रीदार हो जाती है। इसमें विद्यमान पराबैंगनी किरणें त्वचा के कालेपन को भी बढ़ाती है। गर्मियों में बाहरी वातावरण से संपर्क आपकी त्वचा को नुक्सान पहुंचा सकती है। साथ ही त्वचा काली, कांतिविहीन और दाग-धब्बे युक्त हो जाती है। त्वचा चाहे, कैसी भी हो, उसे सुंदर बनाये रखने के लिए कुछ सावधानियां रखना बहुत आवश्यक है।

❖ त्वचा की सुंदरता के लिए त्वचा की पूरी तरह सफाई आवश्यक है, क्योंकि आज के प्रदूषण भरे वातावरण से त्वचा पर धूल, मिट्टी व अतिरिक्त चिकनाई जम जाती है। धूल-पसीना ही कील-मुंहासों का कारण हैं।

❖ आधुनिक श्रृंगार प्रसाधन सामग्री अनेक प्रकार के रोगों, एलर्जी, विकृतियां आदि पैदा करती है, इसलिए इनकी जगह घरेलू आयुर्वेदिक उपायों का प्रयोग करना चाहिए।

❖ ग्रीष्म ऋतु में शीतल ठंडे जल से स्नान करने पर शरीर में ताजगी और स्फूर्ति आती है और मन प्रसन्न रहता है, साथ ही शरीर का तापमान भी कम होकर ठंडक प्रदान करता है।


❖ स्नान करते समय पानी में नींबू का रस डालने से दिन भर ताजगी महसूस होती है। यदि पैर में जलन हो तब ठंडे पानी में पैर रखना चाहिए और ग्वारपाठा के रस या इसका लोशन लगाना चाहिए। हल्का मसाज भी अच्छा है।

❖ गर्मी में साबुन का प्रयोग कम से कम करें। इसकी जगह शहद युक्त शॉवर जेल का प्रयोग करें या मसूरदाल, शहद और हल्दी का उबटन बनाकर उसका प्रयोग करें।

❖ त्वचा की गहराई तक सफाई के लिए शहदयुक्त मिल्क या लोशन का प्रयोग करें।

❖ जब भी बाहर जाना हो, शरीर के बाहरी भागों पर आयुर्वेदिक सनस्क्रीन लोशन का प्रयोग अवश्य करें।

# गर्मी में भी मेकअप नहीं भूलती महिलाएं



**गजेन्द्र सिंह**

गर्मी के आते ही पसीने और चिपचिपाहट का ध्यान आता है। गर्मी के मौसम में या तो मेकअप टिकता ही नहीं या फिर चेहरे की त्वचा के रोम छिद्रों के अंदर जा कर उन्हें बंद कर देता है। इससे चेहरे पर मेकअप की परतों से त्वचा भद्दी दिखाई देने लगती है।

आजकल बाजार में नित नये-नये सौंदर्य प्रसाधनों की मानों बाढ़ आ गई है। अब गर्मी में भी महिलाएं अब अपने चेहरे पर मेकअप करना नहीं भूलती। खूबसूरती को बरकरार रखने में मेकअप जरूरी है पर इस मौसम में मेकअप के पसीने में बह जाने की दिक्कत है। इससे बचाव के लिए मशहूर ब्यूटी पार्लर संचालिका श्रीमती कंचन शर्मा बताती हैं कि आधुनिक प्रसाधनों के अलावा आप के मेकअप करने के ढंग में भी बदलाव आना चाहिए।

मेकअप करने से पहले चेहरे को अच्छी तरह साफ करना चाहिए। फिर उसके बाद 3-4 बर्फ के टुकडे.प्लास्टिक की थैली में डालकर चेहरे पर अच्छी तरह तब तक मलना चाहिए जब तक कि त्वचा बिल्कुल ठंडी न हो जाए। 5 मिनट सुखाने के बाद त्वचा के रंग से मेल खाती फाउंडेशन और उस में थोड़ा सा ठंडा पानी मिलाकर चेहरे पर लगाना चाहिए। इसके बाद कांपैक्ट पाउडर इस्तेमाल करना चाहिए जिससे त्वचा में फिनिशिंग टच भी आ जाए।

श्रीमती शर्मा आगे बताती हैं कि गर्मी के मौसम में पेंसिल लिपस्टिक कलर ज्यादा देर तक लगी रहती है लेकिन कोई भी लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों पर हल्का पाउडर लगाएं और पहला कोट लिपस्टिक लगाने के बाद होंठों को आपस से दबाएं और फिर फाइनल कोट लगाएं। इससे होंठों पर चमक आ जाती है।

गर्मी के मौसम में परिधानों पर विशेष ध्यान देने की बात पर डेऋस डिजाइनर दिपाली गुप्ता कहती हैं-गर्मी के मौसम में हल्के रंगों में सूती भारतीय या पश्चिमी पोशाक ही ठीक हैं जो पसीना सोख कर शरीर को तर-ोताजा रखती हैं। इस मौसम में सिंथेटिक कपड़े पहनने से पसीना सूखता नहीं है जिससे त्वचा के खराब होकर रैश व एक्ज़िमा होने का डर रहता है। सुश्री गुप्ता कहती हैं-इसी प्रकार बंद शूज के बजाय खुली चप्पलें, सैंडिल पहनें ताकि पांवों में हवा लगती रहे। (उर्वशी)

# घरेलू उपायों से बाल निखारें

**सरोज कपूर**

बालों को स्वस्थ रखने के लिए आहार में हरी पत्तेदार शाक-सब्जियाँ, अन्न, दालें, सोयाबीन, दूध, पनीर, शुद्ध घी, गाजर, नींबू, आंवला आदि का सेवन नियमित रूप से करना चाहिए।

### कुछ अन्य सरल प्रयोग

* रूसी खत्म करने के लिए सिर धोने से पहले सरसों के तेल में नींबू का रस मिलाकर बालों में अच्छी तरह मालिश करें।
* नीम और बेर की पत्तियों को समान मात्रा में लेकर उबालें। पानी को ठंडा करके बाल धोएं। बाल झड़ने बंद हो जाएंगे।
* बालों की जड़ों में ककड़ी का रस लगाने से बाल काले व घने होते हैं।
* सप्ताह में एक बार बालों की जड़ों में पिसा हुआ साधारण नमक लगाकर छोड़ दें। घंटे दो घंटे बाद ब्रश या कंघा करके साफ कर दें। बाल चमकीले व सुन्दर बनेंगे।
* एक बार प्रयोग की हुई चायपत्ती फेंकें नहीं। उसे एक गिलास पानी में पुनः उबाल लें। इसमें एक नींबू निचोड़ लें। इससे बाल धोने से मजबूती आती है।
* रीठा, आंवला व शिकाकाई पाऊडर मेंहदी में मिलाकर रात को लोहे के बर्तन में पानी ड़ालकर घोल दें। सुबह बालों में दो घंटे लगायें। बाल सफेद नहीं होंगे।



* बहुत अधिक गरम पानी सिर में न डालें।
* तेज धूप से सिर को बचायें।
* सप्ताह में एक बार थोड़े दही में नींबू निचोड़कर बालों में लगायें।
* कम से कम सौ बार बालों में कंघी फेरें।
* भाप विधि से बालों का सेक करें। इसके लिए जैतून के तेल से 15-20 मिनट तक मालिश करें। गरम पानी में एक तौलिया भिगोकर निचोड़ लें और बालों पर 10-15 मिनट तक इसकी भाप लगने दें। इससे बाल मजबूत होंगे।

ये उपाय बहुत असरदार हैं। यदि हम मेहनत करेंगे तो परिणाम अवश्य मिलेगा। जब शिकायत पैदा होने के कारण ही समाप्त हो जायेंगे तो शिकायतें पैदा कैसे होंगी। (उर्वशी)

# ताकि दिखें आप जवां-जवां सी

**शिखा चौधरी**

साहिल अंकिता को देखते ही उस पर मुग्ध हो गया। उसने झट इस रिश्ते के लिए हां कर दी। अंकिता थी ही इतनी खूबसूरत। एमए कर रही अंकिता अभी दिखने में इंटर करने वाली लड़की की तरह जवां-जवां दिखती थी। उसका चेहरा अलग सी आभा लिए हुए था। उसके बाल सोने की तरह चमकने वाले थे। उसकी स्किन और बालों का मुकाबला रिश्तेदारी में कोई भी नहीं कर सकता था।

शादी के कुछ दिनों तक तो वह ऐसी ही रही लेकिन धीरे-धीरे उसके चेहरे पर नीरसता दिखाई देने लगी। उसकी त्वचा में ढीलापन और बालों में रूखापन आ गया। उसकी आंखों में हर वक्त थकान दिखाई देने लगी। उसकी रूटीन जिंदगी ने उसके जीवन में ही नहीं, उसके चेहरे पर भी नीरसता के धब्बे लगा दिये। उसका हर दिन एक जैसा ही बीतने लगा, सो उसके जीवन में नीरसता तो आनी ही थी। यह नीरसता उसके चेहरे पर भी दिखाई देने लगी थी।

एक लड़की के शादी से पूर्व और शादी के बाद के जीवन में बेहद अन्तर होता है। शादी से पूर्व अक्सर लड़कियों के ऊपर इतनी जिम्मेदारी नहीं होती जो उन्हें शादी के बाद ससुराल में जाकर निभानी पड़ती है। ससुराल के माहौल का असर गृहस्थ जीवन का असर कुछ तो चेहरे पर रंग लाता ही है। तभी तो शादी से पूर्व तरूणी दिखाई देने वाली युवती शादी के बाद प्रौढ़ दिखाई देने लगती है। हां, जो अपनी परिस्थितियों को अपने जीवन एवं चेहरे पर हावी नहीं होने देती, वे जरूर हमेशा जवां-जवां सी बनी दिखती हैं।

दरअसल घर-गृहस्थी का चक्कर ही ऐसा है कि उसमें उलझकर हर गृहिणी असमय ही प्रौढ़ दिखाई देने लगती है किन्तु इस प्रौढ़ दिखने से बचा जा सकता है। आप अपनी उम्र से कम दिखाई दे सकती हैं। जरूरत है अपनी दिनचर्या में सटीक बातों को शामिल करने की। ये बाते हैं:-

### पूरी नींद लें-

अंकिता सुबह-सुबह नाश्ता बनाती, फिर घर की सफाई करती। उसके बाद कपड़े धोने में जुट जाती और दोपहर के खाने की तैयारी करती। फिर प्रेस करने लग जाती। फिर शाम की चाय, साहिल के आने का समय, फिर रात के खाने का वक्त। दिन कब निकल गया, उसे पता ही नहीं चलता था। रात को जब वह सोने चलती, साहिल उससे अपने लिए समय मांगता। उसकी रूटीन जिंदगी में उसे उसे भरपूर नींद भी नहीं मिल पाती थी जबकि नींद हमारी एक बहुत बड़ी जरूरत है।

शरीर को फिर से ऊर्जावान बनाने के लिए नींद जरूरी है। यदि भरपूर नींद न मिले तो आंखों के नीचे काले घेरे, सिर में दर्द, आखों में थकान आदि परेशानियां होने लगती हैं। भरपूर नींद के लिए बिस्तर भी आरामदायक होना चाहिए। कम से कम सात से आठ घंटे की नींद तो जरूर लेनी ही चाहिए।

### सम्पूर्ण आहार-

अक्सर गृहणियां सुबह का नाश्ता और लंच आदि बनाने के चक्कर में खुद भूखी रह जाती हैं। पहले बच्चों का नाश्ता बनाना, उन्हें स्कूल के लिए तैयार करना, फिर पति को ऑफिस भेजने की तैयारी, तब कहीं जाकर गृहिणी को नहाना धोना मिलता है। फिर लंच की तैयारी। नाश्ता करना प्रायः वे भूल जाती हैं।

उन्हें पता ही नहीं चलता और वे सीधे लंच ही करती हैं। सेहत के लिए यह बेहद ही गलत साबित होता है। इससे उनका स्वास्थ्य गिरने लगता है। उनमें अनीमिया व कैल्शियम की कमी जैसी बीमारियां हो जाती हैं। उन्हें अगर खूबसूरत दिखना है तो सम्पूर्ण आहार लेना चाहिए।

### एक्सरसाइज-

एक्सरसाइज सेहत के लिए बेहद जरूरी है। अकसर गृहणियां अपने व्यस्त जीवन में एक्-सरसाइज के लिए समय नहीं निकाल पाती किन्तु जो महिलाएं आलसी एवं मोटी होती हैं उनके लिए खासकर एक्सरसाइज की जरूरत होती है। इससे शरीर को कई फायदे होते हैं। सुबह-सुबह टहलने से शरीर में रक्त प्रवाह बेहतर होता है। इससे त्वचा की खूबसूरती बढ़ती है। छोटी-मोटी परेशानियों से भी छुटकारा मिलता है।



### विविधता भरा दिन-

रूटीन जिंदगी इंसान को ठहरे पानी जैसा बना देती है जिसमें कुछ भी अच्छा नहीं रहता। अपने जीवन को वेरायटीफुल बनायें। वे ही युवा बने रहना चाहते हैं जिन में रोज कुछ नया करने का उत्साह रहता है। आप भी युवा बने रहना चाहते हैं तो हर दिन कुछ नया करें। पढ़ने की आदत डालें। कुछ नया सीखते रहने से जिंदगी में उत्साह बना रहता है। अखबार में सभी तरह की खबरों को भी पढ़ना चाहिए। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है। अपनी क्षमताओं को विकसित करें। इससे जीवन में ताजगी बनी रहती है जो आपके चेहरे पर भी झलकती है।

### दोस्त बनायें-

आस-पास एक फ्रैंड सर्किल बना लें जिनसे मिलने-जुलने पर आपको स्फूर्ति मिले। अपने कॉलेज की सखी सहेलियों से बातचीत करती रहें जिससे पुरानी यादें ताजा होती रहें। जवानी में की गई शरारतों को याद कर अपनी जवानी बरकरार रखें।

### सोशल वर्क-

अपनी गृहस्थी के साथ-साथ कुछ काम ऐसे भी करने चाहिए जिनसे मानसिक शान्ति भी मिले। ये सामाजिक कार्य आप किसी पर भी उपकार स्वरूप कर सकती हैं। गरीब बच्चों को पढ़ाना, अनाथ बच्चों को सहायता देना, बड़े बूढ़ों के बैंक के काम, बिजली, पानी, टेलीफोन के बिल जमा करा कर जैसे छोटे मोटे कार्यों से आप सामाजिक कार्यों में अपना योगदान दे सकते हैं।

आराम से काम करें-

किसी भी काम को करने में कभी भी जल्दबाजी न करें। ऐसे काम करने से दस काम और बढ़ जाते हैं और एनर्जी और ज्यादा खर्च होती है, इसलिए जब भी कोई काम करें, बड़े आराम से करें। इससे वह बिगड़ता नहीं है। (उर्वशी)

## रेसिपी कार्नर


# झालमुड़ी




पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले जब नरेंद्र मोदी झाड़ग्राम की रैली में पहुंचे, तो एक दिलचस्प पल देखने को मिला। उन्होंने सड़क किनारे रुककर चटपटी झालमुड़ी का स्वाद लिया। बस फिर क्या था! सोशल मीडिया पर उनकी ये तस्वीरें वायरल हो गईं और लोगों के मुंह में पानी आ गया।

झालमुड़ी सिर्फ एक स्नैक नहीं, बल्कि बंगाल की स्ट्रीट फूड संस्कृति की पहचान है। हल्की, मसालेदार और झटपट बनने वाली यह डिश हर उम्र के लोगों की पसंदीदा है। खास बात यह है कि इसे बनाने के लिए आपको किसी खास कुकिंग स्किल की जरूरत नहीं होती। घर में मौजूद साधारण सामग्री से आप मिनटों में बाजार जैसी टेस्टी झालमुड़ी तैयार कर सकते हैं।

अगर आपने भी मोदी जी की तरह चटपटी झालमुड़ी खाने का मन बना लिया है, लेकिन बाहर की गर्मी या भीड़ से बचना चाहते हैं, तो चिंता की कोई बात नहीं। इस लेख में हम आपको बताएंगे आसान रेसिपी, जरूरी सामग्री और कुछ ऐसे टिप्स, जिससे आपकी झालमुड़ी बिल्कुल स्ट्रीट स्टाइल बनेगी। तो तैयार हो जाइए, घर बैठे बंगाल के असली स्वाद का मजा लेने के लिए।



### झालमुड़ी क्या है?

झालमुड़ी पश्चिम बंगाल का एक प्रसिद्ध स्ट्रीट फूड है, जिसे मुरमुरे, मसाले और सरसों के तेल से तैयार किया जाता है। इसका स्वाद तीखा, खट्टा और बेहद लाजवाब होता है। इसे भेलपुरी या मुरमुरे चाट भी कहा जाता है।

### झालमुड़ी बनाने के लिए जरूरी सामग्री

झालमुड़ी बनाने के लिए आपको चाहिए,

मुरमुरे
बारीक कटा प्याज
टमाटर
हरी मिर्च
उबले आलू
नमक
चाट मसाला
लाल मिर्च पाउडर
सरसों का तेल
नींबू का रस
सेव।

### झालमुड़ी बनाने की आसान विधि

सबसे पहले एक बड़े बाउल में मुरमुरे लें।

उसमें प्याज, टमाटर, आलू और हरी मिर्च डालें।

अब नमक, चाट मसाला और सरसों का तेल डालकर अच्छी तरह मिलाएं।

अंत में नींबू का रस डालें और तुरंत सर्व करें।

### परफेक्ट स्वाद के टिप्स

झालमुड़ी का असली स्वाद सरसों के तेल से आता है। साथ ही इसे बनाकर तुरंत खाना जरूरी है, नहीं तो मुरमुरे नरम हो जाते हैं। चाहें तो मूंगफली और नारियल के टुकड़े भी डाल सकते हैं।

# वित्तवर्ष 2026 में ईडी की रिकॉर्ड छापेमारी और कुर्की, गिरफ्तारी घटी




**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान धनशोधन मामलों में की गई गिरफ्तारियों में लगभग 27 प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन इस अवधि के दौरान कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य 81,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो अब तक का रिकॉर्ड है। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़े से मिली। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के कड़े प्रावधानों के तहत केंद्रीय एजेंसी द्वारा तलाशी या छापेमारी की संख्या 31 मार्च को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान लगभग दोगुनी होकर 2,892 हो गई। अपराध से प्राप्त आय की परिभाषा, गिरफ्तारी, तलाशी और जब्ती तथा संपत्ति कुर्क करने के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पीएमएलए के तहत व्यापक अधिकार प्राप्त हैं। अधिनियम के प्रावधानों के कारण जमानत प्राप्त करना भी अत्यंत कठिन हो जाता है क्योंकि अदालत का यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि आरोपी दोषी नहीं है और जमानत पर रहते हुए उसके द्वारा कोई अन्य अपराध करने की आशंका नहीं है। पिछले वित्तीय वर्ष में, ईडी ने धोखाधड़ी के पीड़ितों को कुर्क की गई संपत्तियां वापस लौटाने के अपने निर्धारित लक्ष्य को दोगुने से पार कर लिया, क्योंकि उसने उक्त अवधि के दौरान 32,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां वापस कीं। एजेंसी ने 15,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां वापस लौटाने का लक्ष्य रखा था। 'पीटीआई-भाषा' ने एजेंसी द्वारा उसकी वार्षिक रिपोर्ट (वित्त वर्ष 2025-26) में उपलब्ध कराए गए आंकड़े का अध्ययन किया और पाया कि ईडी ने उल्लेखित वित्त वर्ष में 156 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि 2024-25 में यह संख्या 214 थी, यानी लगभग 27 प्रतिशत की गिरावट। 2023-24 में यह संख्या 272 थी। ईडी ने बताया कि गिरफ्तारियों में कमी का कारण यह है कि वह ''अधिक लक्षित और साक्ष्य-आधारित जांच'' कर रही है। एजेंसी ने एक वर्ष (वित्त वर्ष 2026) में उसके द्वारा की गई संपत्तियों की ''अब तक की सबसे अधिक'' अस्थायी कुर्की के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि यह 712 आदेशों के तहत 81,422 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है और यह वृद्धि पिछले साल के मुकाबले 171 प्रतिशत अधिक है। एजेंसी ने कहा कि यह एक 'केंद्रीय साधन' है जिसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि अपराधियों को 'अवैध रूप से' अर्जित अपराध के लाभों से वंचित किया जाए। इसके मुकाबले, एजेंसी ने वित्त वर्ष 2025 के दौरान 461 अस्थायी कुर्की आदेश जारी किए थे, जिनमें 30,036 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई। जैसा कि नाम से पता चलता है, ये कुर्की आदेश अस्थायी होते हैं और अर्ध-न्यायिक निकाय, पीएमएलए के न्यायनिर्णायक प्राधिकरण द्वारा इनकी पुष्टि की जाती है। ईडी द्वारा की गई छापेमारी, जिसे अक्सर टेलीविजन समाचारों और अखबारों में विस्तार से दिखाया जाता है, वित्त वर्ष 2026 में पिछले वर्ष के 1,491 छापों की तुलना में दोगुनी से अधिक बढ़कर 2,892 हो गई। इसके चलते ईडी ने वित्त वर्ष 2026 के दौरान सफलतापूर्वक 812 आरोपपत्र दाखिल किए, जो एक ''रिकॉर्ड'' है, जबकि पिछले वर्ष अदालतों में केवल 457 आरोप पत्र दाखिल किये गए थे। आंकड़ों के मुताबिक पीएमएलए जांच शुरू करने के लिए दर्ज की गई प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) की संख्या पिछले वित्तीय वर्ष में 39 प्रतिशत बढ़कर 1,080 मामले हो गई, जबकि वित्त वर्ष 2025 में केवल 775 मामले दर्ज किए गए थे।

# विदेशी आक्रमणों के बावजूद आदिवासियों, अनुसूचित जातियों ने भारत की पहचान को संरक्षित रखा: भागवत



**मुंबई :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि विदेशी आक्रमणों और कठिनाइयों के बावजूद आदिवासी समुदायों तथा अनुसूचित जातियों ने देश की पहचान और आत्मा को सहेजकर रखा। वह यहां कर्मयोगी पुरस्कार समारोह में बोल रहे थे, जहां केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी उपस्थित थे। भागवत ने कहा, ''मानव जीवन दुनिया को कुछ वापस देना होता है, क्योंकि हम सभी एक महान परिवार का हिस्सा हैं। एक व्यक्ति समाज की बेहतरी के लिए काम करता है, उपकार के तौर पर नहीं, बल्कि कर्तव्य के रूप में। दूसरों की सेवा करके हम अपना विकास करते हैं। दूसरों को आगे बढ़ने में मदद करके हम स्वयं को उन्नत करते हैं और एक बेहतर इंसान बनते हैं। यह सिद्धांत इस भारतीय भूमि का मूल मूल्य है, जिसे आमतौर पर हिंदू समाज के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा, ''यह समाज का वह चिरस्थायी लोकाचार है, जो हजारों वर्षों से कायम है। विभिन्न कारणों से, आंशिक रूप से हमारी उदासीनता के कारण और आंशिक रूप से विदेशी आक्रमण के कारण, इस लोकाचार को संरक्षित करने वालों को भारी कीमत चुकानी पड़ी।'' आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा कि विदेशी आक्रमणकारियों ने देखा कि यही लोकाचार, समाज का यही मूल्य इसकी आत्मा है और इसे बनाए रखने की कुंजी है, इसलिए विदेशी आक्रमणकारियों ने इस आत्मा को संरक्षित करने वालों को जड़ से उखाड़ फेंकने का प्रयास किया और इस कारण उन लोगों को घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि हालांकि विदेशी आक्रमणों और कठिनाइयों के बावजूद आदिवासी समुदायों और अनुसूचित जातियों ने देश की पहचान और उसकी आत्मा को संरक्षित रखा। भागवत ने कहा, इतनी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, आदिवासी समुदायों और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समूहों के बीच देश की मूल पहचान बरकरार रही।

# अंडमान निकोबार प्रशासन ने पानी के भीतर सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाया



**श्री विजय पुरम :** अंडमान निकोबार प्रशासन ने शनिवार को राधानगर समुद्र तट पर पानी के भीतर दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर नया 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाया। यह विशाल तिरंगा स्वराज द्वीप (हैवलॉक द्वीप) में समुद्र के भीतर एक जटिल और सटीक समन्वित अभियान के तहत फहराया गया, जिसमें कई एजेंसियों और प्रशिक्षित गोताखोरों की भागीदारी रही। इस तिरंगे की लंबाई 60 मीटर है, जबकि चौड़ाई 40 मीटर है। उपराज्यपाल डी के जोशी, मुख्य सचिव चंद्र भूषण कुमार और पुलिस महानिदेशक एचएस धालीवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी यह कार्यक्रम देखने के लिए उपस्थित थे। अंडमान निकोबार पुलिस, वन विभाग, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के कर्मियों के साथ-साथ विभिन्न गोताखोरी केंद्रों के गोताखोरों ने पानी के भीतर ध्वज फहराने के इस जटिल अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया। तीन स्कूली बच्चों-- फतेह जहां सिंह (16), लावन्या एरा (15) और रणविजय सिंह (14)-- 200 से अधिक गोताखोरों के बीच सबसे कम उम्र के प्रतिभागी थे। सुबह 10:35 बजे, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के निर्णयकर्ता ऋषिनाथ ने औपचारिक रूप से इस उपलब्धि की पुष्टि की और जोशी को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। जोशी ने इस उपलब्धि को द्वीपों की विशिष्ट उपलब्धियों में एक महत्वपूर्ण क्षण बताते हुए इसमें शामिल लोगों के समन्वय और समर्पण की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि यह उपलब्धि साहसिक पर्यटन, समुद्री गतिविधियों और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त कार्यक्रमों के लिए एक गंतव्य के रूप में अंडमान निकोबार द्वीप समूह के बढ़ते महत्व को दर्शाती है। गुरुग्राम के श्री राम स्कूल की 12वीं कक्षा के छात्र फतेह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''समुद्री दुनिया कितनी खूबसूरत है, इसे बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है।'' लावण्या और रणविजय क्रमशः बेंगलुरु के ऋषि वैली स्कूल और दिल्ली के सरदार पटेल विद्यालय में 11वीं और 10वीं कक्षा के छात्र हैं।

## बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी लोगों के लिए श्रद्धाजंलि प्रकट करने का अवसर: मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लेह में 'तथागत के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी' के उद्घाटन की शनिवार को सराहना की और कहा कि लद्दाख के लोगों के लिए यह श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अपने दो दिवसीय लद्दाख दौरे के दौरान लेह में तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और 2569वीं बुद्ध पूर्णिमा से जुड़े समारोह की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, कल बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लेह में 'तथागत के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी' का उद्घाटन होना अत्यंत प्रसन्नता की बात है। उन्होंने कहा कि ये पूजनीय अवशेष पिपरहवा स्तूप से जुड़े हैं और 19वीं सदी के अंतिम वर्षों में इन्हें निकाला गया था। उन्होंने कहा कि ये भगवान बुद्ध की स्थायी शिक्षाओं का प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि यह प्रदर्शनी 14 मई तक जारी रहेगी और आने वाले दिनों में जांस्कर में भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा, यह लद्दाख के लोगों के लिए श्रद्धा प्रकट करने का एक अहम अवसर है और इससे क्षेत्र में आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# मणिपुर में सुरक्षा बलों ने 23 अवैध बंकर नष्ट किए, 18 आईईडी बरामद किए



**इंफाल :** सुरक्षा बलों ने अलग-अलग अभियानों में मणिपुर के उखरुल जिले में अवैध रूप से निर्मित 23 बंकर नष्ट कर दिए है और तेंगनौपाल जिले में 18 आईईडी बरामद किए हैं। पुलिस ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि लिटन पुलिस थाना क्षेत्र के मोंगकोट चेपू, शोंगफेल, मुल्लम, सिराराखोंग और रिंगु के पहाड़ी गांवों में बृहस्पतिवार को बंकर नष्ट किए गए। इसमें बताया गया कि 12 बोर की एक 'पंप-एक्शन शॉटगन', 17 कारतूस और 111 खोखे भी जब्त किए गए। इस साल फरवरी में उखरुल जिले में तंगखुल नगा और कुकी समुदायों के बीच हिंसा भड़कने के बाद से गोलीबारी की विभिन्न घटनाओं में कम से कम सात लोग मारे गए थे और 30 से अधिक घरों को जला दिया गया था। इसी बीच, बुधवार को एक अलग अभियान में सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल जिले के मोरेह पुलिस थाने क्षेत्र के टी बोंगमोल गांव में हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा जब्त किया। बयान के अनुसार, इस दौरान दो सिंगल बैरल राइफल, मैगजीन सहित नौ मिमी की चार पिस्तौल और 18 आईईडी जब्त किए गए। इन विस्फोटकों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

## बम धमाके में मारे गए दोनों बच्चों के शव परिवार को सौंपे गए

मणिपुर के विष्णुपुर जिले में पिछले महीने हुए धमाके में मारे गए दो बच्चों के शव शनिवार को उनके परिजनों को सौंप दिए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि परिवार ने दोषियों को यथा शीघ्र दंडित करने की मांग करते हुए शवों को लेने से इनकार कर दिया था, जिसकी वजह से पांच वर्षीय लड़के और उसकी छह महीने की बहन की लाश गत 25 दिन मुर्दाघर में रखनी पड़ी। मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने 25 अप्रैल को बच्चों के परिजनों से शव लेने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि दोषियों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। विष्णुपुर जिले के ट्रोंगलाओबी में सात अप्रैल को हुए बम हमले में दो बच्चों की मौत हो गई थी। उनके शव इंफाल के क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान के मुर्दाघर में रखे गए थे। इस घटना के कारण इंफाल घाटी के पांच जिलों में व्यापक हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए और बाद में यह मामला राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दिया गया।

## ओडिशा कंकाल मामला: पटनायक ने सीतारमण से हस्तक्षेप का अनुरोध किया

**भुवनेश्वर :** बीजू जनता दल (बीजद) के प्रमुख नवीन पटनायक ने ओडिशा की एक घटना से जुड़े मामले में शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सहानुभूतिपूर्वक हस्तक्षेप का अनुरोध किया है, जिसमें एक व्यक्ति ने पैसा निकालने के लिए अपनी बहन का कंकाल निकालकर सबूत के तौर पर ग्रामीण बैंक के सामने पेश किया था। पटनायक ने एक पत्र में सीतारमण से हाल ही में क्योंझर जिले में हुई इस घटना में तत्काल स्पष्ट जवाबदेही तय करने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा, मैं आपसे इस स्तब्धकारी घटना के लिए तत्काल स्पष्ट जवाबदेही सुनिश्चित करने का आग्रह करता हूं। इससे सभी ग्रामीण बैंकों को यह संदेश जाएगा कि वे नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण को सहानुभूति और संवेदनशीलता के साथ सुनिश्चित करें। पटनायक ने यह विश्वास भी जताया कि सीतारमण के ''संवेदनशील हस्तक्षेप'' से देश में कहीं भी लोगों के साथ इस तरह का अमानवीय व्यवहार दोबारा नहीं होगा। बीजद प्रमुख ने कहा कि उन्होंने 27 अप्रैल को ओडिशा ग्रामीण बैंक की मल्लिपोसी शाखा में हुई घटना के संबंध में गहरी पीड़ा के साथ यह पत्र लिखा है।

## यूएई से प्रत्यर्पण के बाद सीबीआई ने कमलेश पारेख को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2,672 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी के दस साल पुराने मामले में वांछित भगोड़े कमलेश पारेख को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पण के बाद गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कोलकाता स्थित श्री गणेश ज्वैलरी हाउस (आई) लिमिटेड के खिलाफ दर्ज बैंक धोखाधड़ी मामले में वांछित पारेख को शुक्रवार को यूएई से प्रत्यर्पित किया गया था। सीबीआई ने 2016 में कंपनी और अन्य के खिलाफ 25 बैंकों के एक संघ से 2,672 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक मामला दर्ज किया था। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''जांच शुरू होने के बाद से फरार कंपनी के प्रमोटर पारेख के खिलाफ एजेंसी ने 31 दिसंबर, 2022 को आरोपपत्र दाखिल किया था।''

# हैदराबाद में 6,000 लोगों ने 'भुजंगासन' किया, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज



**हैदराबाद :** शहर के पास स्थित कान्हा शांति वनम में शनिवार को 6,000 से अधिक लोगों ने एक ही समय में आसन करने वाले सबसे बड़े समूह के तौर पर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए एकसाथ 'भुजंगासन' करके इतिहास रच दिया। आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि आयुष मंत्रालय के अधीन मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में, हजारों लोग योग महोत्सव के लिए एकत्रित हुए, जो अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की ओर अग्रसर 50 दिन की उलटी गिनती का प्रतीक है। भुजंगासन एक लोकप्रिय योगासन है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि योग न केवल भारत की प्राचीन विरासत है, बल्कि मानवता के लिए एक अनमोल उपहार भी है। राष्ट्र निर्माण में योग की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, ''2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए हमें एक स्वस्थ, शांतिपूर्ण और अनुशासित समाज का निर्माण करना होगा।'' उन्होंने कहा, योग तनाव, अस्वस्थ जीवनशैली और प्रदूषण जैसी आधुनिक चुनौतियों का व्यावहारिक और किफायती समाधान प्रदान करता है। रेड्डी ने कहा कि हैदराबाद को योग और समग्र स्वास्थ्य के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में भी उभरना चाहिए, जिसे पहले से ही नवाचार और प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त है।

## निदा खान को अग्रिम जमानत देने से नासिक की अदालत का इनकार, चार आरोपियों की हिरासत बढ़ी



**नासिक :** नासिक की एक अदालत ने शनिवार को टीसीएस की नासिक इकाई में कथित यौन उत्पीड़न और जबरन धर्म परिवर्तन से संबंधित मामले में आरोपी निदा खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष ने निदा खान से हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता पर जोर दिया। लोक अभियोजक अजय मिसर ने पत्रकारों से कहा, यह एक गंभीर अपराध है। निदा खान मुख्य आरोपियों में से एक है, इसलिए उससे हिरासत में पूछताछ आवश्यक है। अदालत ने आज निदा खान की जमानत याचिका खारिज कर दी। अंतिम आदेश जल्द ही अपलोड किया जाएगा। प्राथमिकी के अनुसार, खान कथित तौर पर महिला कर्मचारियों को इस्लामी परंपराओं के अनुसार कपड़े पहनने और व्यवहार करने की सलाह देती थी। निदा खान ने अपने गर्भवती होने का हवाला देते हुए अग्रिम जमानत मांगी थी। पुलिस ने कहा कि महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में उसकी तलाश जारी है। नासिक पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) आईटी कंपनी की नासिक इकाई में पुरुष कर्मियों द्वारा कुछ महिला कर्मचारियों का यौन उत्पीड़न किए जाने के नौ मामलों की जांच कर रहा है। एसआईटी ने नौ प्राथमिकी दर्ज कर एक महिला प्रबंधक सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

# जबलपुर के बरगी डैम में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया

**कलेजे से लाल को लगाए रही मां... देखते ही फफक पड़ा हर शख्स**



**जबलपुर :** नर्मदा में गुरुवार शाम ऐसी लहरें उठीं कि खुशियों से भरा एक सफर मातम में बदल गया। जबलपुर के बरगी डैम में डूबे क्रूज से निकली एक तस्वीर ने पूरे देश को झकझोर दिया। एक मां, जो मौत के बाद भी अपने चार साल के बेटे को सीने से चिपकाए हुए थी। जिंदगी की आखिरी सांस तक मां ने लाल को बचाने की कोशिश की। वह सीन जिसने भी देखा, उसका दिल रो पड़ा। गुरुवार देर रात बरगी डैम का वह इलाका किसी युद्धस्थल जैसा नजर आ रहा था, जहां आम दिनों में सन्नाटा पसरा रहता है। वहां सैकड़ों सरकारी गाड़ियां, पुलिस बल, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना के जवान और चारों ओर लगी फ्लडलाइट्स थीं। रोशनी बहुत थी, लेकिन चेहरों पर अंधेरा पसरा हुआ था। नर्मदा के बीचोंबीच वह क्रूज आधा डूबा हुआ दिखाई दे रहा था। कुछ घंटे पहले तक जहां संगीत गूंज रहा था, वहां अब सिर्फ लहरों की आवाज थी। हर किसी की निगाहें पानी पर टिकी थीं। मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सिंह लगातार फोन पर अपडेट ले रहे थे। मुख्यमंत्री मोहन यादव खुद पल-पल की जानकारी ले रहे थे। लेकिन उस रात किसी के पास कोई जवाब नहीं था।दिल्ली के रहने वाले प्रदीप अपनी पत्नी, चार साल के बेटे और बेटी के साथ जबलपुर आए थे। रिश्तेदार के गृह प्रवेश में शामिल होने के बाद परिवार घूमने के लिए बरगी डैम पहुंचा था। शाम खूबसूरत थी। मौसम सुहाना था। सभी ने क्रूज की सवारी करने का फैसला किया। क्रूज में हंसी थी, बच्चों की खिलखिलाहट थी, मोबाइल कैमरों की चमक थी। किसी ने नहीं सोचा था कि अगले कुछ मिनट सब कुछ तबाह कर देंगे। फिर अचानक मौसम ने करवट ली। तेज हवाएं चलने लगीं। पानी में ऊंची लहरें उठने लगीं। जल्द ही डर ने सबको घेर लिया।प्रदीप बताते हैं कि मैंने लाइफ जैकेट बांटना शुरू ही किया था कि क्रूज अचानक एक तरफ झुक गया। उसके बाद सब कुछ इतनी तेजी से हुआ कि संभलने का मौका ही नहीं मिला। सिर्फ तीन मिनट। और सब खत्म हो गया।




# गायकवाड़ और कार्तिक के अर्धशतक से जीती सीएसके

**मुंबई इंडियंस का लचर प्रदर्शन जारी**



**चेन्नई :** चेन्नई सुपर किंग्स ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस को आठ विकेट से हराकर आईपीएल में अपनी चौथी जीत दर्ज की। पहले गेंदबाजों ने मुंबई को बड़े स्कोर से रोका, फिर कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और कार्तिक शर्मा की नाबाद अर्धशतकीय पारियों ने टीम को आसान जीत दिलाई।मुंबई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 159 रन बनाए। टीम की शुरुआत ठीक रही, लेकिन मध्यक्रम पूरी तरह लड़खड़ा गया। नमन धीर ने 37 गेंद में 37 रन बनाए, जबकि रेयान रिकेलटन ने 37 और सूर्यकुमार यादव ने 21 रन का योगदान दिया। कप्तान हार्दिक पंड्या 18 रन बनाकर संघर्ष करते नजर आए।सीएसके के लिए नूर अहमद (2/26) और अंशुल कंबोज (3/32) ने कसी हुई गेंदबाजी की, जिससे मुंबई बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी।जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की शुरुआत थोड़ी धीमी रही, लेकिन गायकवाड़ और कार्तिक ने तीसरे विकेट के लिए 98 रन की अटूट साझेदारी कर मैच पूरी तरह अपने कब्जे में ले लिया। गायकवाड़ ने 48 गेंद में नाबाद 67 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। वहीं कार्तिक शर्मा ने 40 गेंद में नाबाद 54 रन बनाकर अपना पहला आईपीएल अर्धशतक जड़ा।दोनों बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए टीम को 18.1 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इस जीत के साथ सीएसके आठ अंकों के साथ अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है और प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार हैं।वहीं मुंबई इंडियंस का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है। टीम अब तक सिर्फ चार अंक ही जुटा सकी है और अंकतालिका में नौवें स्थान पर बनी हुई है, जिससे उसके लिए आगे का रास्ता और कठिन हो गया है।

## जैकब्स का अर्धशतक, न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को हराकर टी20 सीरीज बराबर की

**मीरपुर :** बेवन जैकब्स के पहले अर्धशतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने खराब शुरुआत से उबरते हुए शनिवार को बारिश से प्रभावित तीसरे टी20 मैच में बांग्लादेश को छह विकेट से हराकर तीन मैच की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। जैकब्स की 31 गेंदों पर खेली गई 62 रन की नाबाद पारी में पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। उनकी पारी ने टीम को 11.4 ओवर में चार विकेट 104 रन के स्कोर तक पहुंचाकर जीत दिलाने में मदद की। बांग्लादेश की टीम इससे पहले 14.2 ओवर में 102 रन के ऑल आउट हो गई थी। बांग्लादेश ने पहला मैच छह विकेट से जीता था। दूसरा मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया था।

## साइ की मंजूरी से 40 मुक्केबाज बाहर, राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के चयन ट्रायल स्थगित

**नयी दिल्ली :** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा राष्ट्रीय शिविर के लिए जारी स्वीकृति पत्र से बाहर किए जाने के बाद लगभग 40 मुक्केबाजों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लग गए हैं और उनके इस साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में भाग लेने को लेकर आशंका बन गई है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) की चयन नीति के अनुसार, 30 मार्च से पांच अप्रैल तक आयोजित किए गए चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कप (सीओएएस) में 20 भार वर्गों (पुरुष और महिला वर्गों में 10-10) में शीर्ष दो स्थान हासिल करने वालों को राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया जाना था, जो 25 अप्रैल से शुरू होने वाला था। पिछले साल दिसंबर में जारी की गई नीति में कहा गया है कि ये 40 मुक्केबाज मूल्यांकन परीक्षणों के लिए पात्र होंगे, जिनमें से राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और विश्व मुक्केबाजी कप दो के लिए भारतीय टीमों का चयन किया जाएगा। लेकिन बीएफआई को 29 अप्रैल को साइ से जो पत्र मिला है उसमें इन मुक्केबाजों के नाम शामिल नहीं हैं। महासंघ ने शुक्रवार को कहा, ''मंजूरी 29 अप्रैल 2026 को प्राप्त हुई थी और वर्तमान में सूची से 40 नाम गायब हैं।'' ऐसा समझा जाता है कि बीएफआई इस मुद्दे को सुलझाने के लिए साइ के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए है लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। मूल्यांकन प्रक्रिया पांच मई को शुरू होनी थी लेकिन खिलाड़ियों के नाम गायब होने से इसे एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है और अब यह छह मई से शुरू होगी।

# भारत ने महिला टी20 विश्व कप के लिए यास्तिका, नंदिनी को चुना, प्रतिका और अमनजोत बाहर




**मुंबई :** इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर के हाथों में रहेगी, जबकि स्मृति मंधाना उप-कप्तान होंगी। चयनकर्ताओं ने विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और अनकैप्ड तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा को टीम में शामिल किया है। वहीं प्रतिका रावल और हरलीन देओल को टी20 टीम से बाहर रखा गया है, जबकि ऑलराउंडर अमनजोत कौर और काशवी गौतम चोट के कारण चयन से चूक गईं।मुख्य चयनकर्ता अमिता शर्मा ने कहा कि यास्तिका के अनुभव और उनकी विकेटकीपिंग क्षमता को देखते हुए उन्हें प्राथमिकता दी गई। नंदिनी ने महिला प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। तेज गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ संभालेंगी, जबकि स्पिन विभाग की अगुवाई दीप्ति शर्मा करेंगी। बल्लेबाजी में मंधाना, शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स शीर्ष क्रम में होंगी, जबकि ऋचा घोष और दीप्ति फिनिशर की भूमिका निभाएंगी।भारत 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जबकि फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। टीम इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ 28 मई से शुरू होने वाली टी20 श्रृंखला में भी भाग लेगी। भारत अब तक महिला टी20 विश्व कप का खिताब नहीं जीत पाया है और इस बार टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज और टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (दूसरी विकेटकीपर), नंदिनी शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव।

## भारत एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया से 0-2 से हारा

**सुझोऊ (चीन) :** भारत को शनिवार को यहां एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले ग्रुप मैच में मजबूत ऑस्ट्रेलिया के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप बी के इस पहले मैच में 25वें मिनट में थियोडोरा मुइथिस ने ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई। इसके बाद 59वें मिनट में भारतीय डिफेंडर अभिस्ता बसनेत ने एक आत्मघाती गोल कर दिया। भारत अब पांच मई को चार बार की चैंपियन जापान से भिड़ेगा, जिसके बाद आठ मई को उसका सामना लेबनान से होगा। 2005 के बाद यह पहला मौका था जब भारत अंडर-17 महिला एशियाई कप में हिस्सा ले रहा था। इस तरह इस स्तर पर खेलने के लिए भारत का 21 साल का इंतजार खत्म हुआ। ऑस्ट्रेलिया एशिया के मशहूर फुटबॉल देशों में से एक है और वह पहले दो मौकों पर इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंच चुका है। टीम मोरक्को में होने वाले 2026 फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए चार स्थान में से एक पर कब्जा करने की कोशिश करेगी।

# एक्सिस बैंक ने अपनी पहली डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा शुरू की




**नयी दिल्ली:** निजी क्षेत्र के बैंक एक्सिस बैंक ने शनिवार को यहां अपनी पहली डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा का उद्घाटन किया। एक्सिस बैंक ने बयान में कहा कि यह शाखा सुरक्षित बैंकिंग को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में एक कदम है। इसमें उन्नत स्वचालन, उच्च स्तरीय सुरक्षा और अत्याधुनिक लॉकर सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने पर जोर दिया गया है। इस शाखा का उद्घाटन वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने बैंक के प्रबंध निदेशक अमिताभ चौधरी और कार्यकारी निदेशक मुनीश शारदा की उपस्थिति में किया। बयान के अनुसार, भारत में सुरक्षित जमा लॉकर की उपलब्धता और मांग के बीच अंतर लगातार बढ़ रहा है, खासकर घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में। उद्योग के अनुमान के मुताबिक, वर्ष 2030 तक देश में लगभग छह करोड़ संपन्न लोगों को बैंक लॉकर की आवश्यकता होगी, जबकि वर्तमान में केवल करीब 60 लाख लॉकर ही उपलब्ध हैं। यह अंतर बड़े शहरों में और अधिक स्पष्ट है, जहां शहरी आवास तेजी से 'गेटेड' रिहायशी परिसरों पर केंद्रित हो रहा है। एक्सिस बैंक की यह डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा इसी बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए विकसित की गई है, जो प्रीमियम आवासीय क्षेत्रों में सुरक्षित और स्वचालित लॉकर सेवाएं प्रदान करती है। बैंक ने कहा कि शाखा के डिजाइन और सेवा वितरण को नए सिरे से तैयार कर वह घनी शहरी आबादी वाले क्षेत्रों में अपनी भौतिक उपस्थिति को मजबूत कर रहा है और ग्राहकों को अधिक नियंत्रण, गोपनीयता और सुविधा प्रदान कर रहा है।

## सीडीएसएल को 2025-26 में 455 करोड़ रुपये का मुनाफा, आय 1,239 करोड़ रुपये

**मुंबई:** सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ घटकर 80 करोड़ रुपये रह गया। सीडीएसएल ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 100 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी के अनुसार, समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 268 करोड़ रुपये हो गई, जो एक वर्ष पहले 256 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 455 करोड़ रुपये रहा, जबकि 2024-25 में यह 526 करोड़ रुपये था। वहीं, कुल एकीकृत आय बढ़कर 1,239 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष में 1,199 करोड़ रुपये थी। सीडीएसएल ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक 18 करोड़ से अधिक डीमैट खाते दर्ज कर वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाली पहली डिपॉजिटरी बन गई है। एक वर्ष पहले यह संख्या 15.30 करोड़ थी। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नेहल वोरा ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 कंपनी के लिए एक अहम पड़ाव रहा है और डीमैट खातों की बढ़ती संख्या भारतीय निवेशकों के पूंजी बाजार में बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। सीडीएसएल के निदेशक मंडल ने 2025-26 के लिए प्रति शेयर 10 रुपये अंकित मूल्य पर 12.75 रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है।

# वाणिज्यिक एलपीजी महंगा: देशभर में खाने के दाम बढ़ने, रोजगार पर असर की आशंका

**नयी दिल्ली :** वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में हालिया भारी बढ़ोतरी का असर अब पूरे देश में देखने को मिल रहा है। सिलेंडर के दाम में करीब 993 रुपये की वृद्धि के बाद रेस्तरां, ढाबों और स्ट्रीट फूड कारोबारियों पर लागत का दबाव तेजी से बढ़ा है और यह लगातार तीसरा महीना है जब कीमतों में इजाफा हुआ है। उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल आया है, जिसका सीधा असर भारत के खाद्य कारोबार पर पड़ रहा है। पहले जहां एक सिलेंडर 1,300 से 1,600 रुपये के बीच मिलता था, वहीं अब इसकी कीमत बढ़कर 3,000 से 4,000



रुपये तक पहुंच गई है, जिससे संचालन लागत कई गुना बढ़ गई है। नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार, मध्यम आकार के एक रेस्तरां को रोजाना दो से पांच सिलेंडर की जरूरत होती है। ऐसे में बढ़ती कीमतों ने व्यवसाय चलाना चुनौतीपूर्ण बना दिया है, खासकर छोटे और मध्यम कारोबारियों के लिए जो पहले से ही सीमित संसाधनों के साथ काम कर रहे हैं। रेस्तरां संचालकों का कहना है कि यदि यह रुझान जारी रहा तो खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतें बढ़ाना मजबूरी हो जाएगी, जिसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ेगा। साथ ही, बढ़ती लागत के कारण कई छोटे कारोबारियों को कर्मचारियों की संख्या घटानी पड़ सकती है, जिससे रोजगार पर भी असर पड़ने की आशंका है।विशेषज्ञों का मानना है कि लागत कम करने के लिए पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) जैसे विकल्पों की ओर रुख किया जा सकता है, लेकिन यह सुविधा अभी देश के सभी हिस्सों में उपलब्ध नहीं है। ऐसे में आने वाले समय में महंगाई का असर खाने की थाली पर साफ दिखाई दे सकता है।

## कोटक महिंद्रा बैंक का चौथी तिमाही लाभ 10 प्रतिशत बढ़ा

**कोलकाता:** कोटक महिंद्रा बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 10 प्रतिशत बढ़कर 5,423 करोड़ रुपये रहा। बैंक के मुनाफे में यह बढ़ोतरी प्रावधानों में कमी और बेहतर शुद्ध ब्याज आय के कारण हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 4,933 करोड़ रुपये था। एकल आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 4,027 करोड़ रुपये रहा। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय आठ प्रतिशत बढ़कर 7,876 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 7,284 करोड़ रुपये थी। तिमाही के दौरान बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ और सकल एनपीए अनुपात घटकर 1.20 प्रतिशत रह गया, जो एक वर्ष पहले 1.42 प्रतिशत था। कोटक महिंद्रा बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक वासवानी ने आईडीबीआई बैंक के अधिग्रहण की संभावनाओं पर कहा कि इसका मूल्यांकन बहुत अधिक था। उन्होंने कहा कि बैंक ने विभिन्न अधिग्रहण अवसरों का मूल्यांकन किया, लेकिन ऊंचे मूल्यांकन के कारण यह सौदा आकर्षक नहीं था।

# डीईए ने चीनी हिस्सेदारी वाली कंपनियों के लिए फेमा एफडीआई नियमों में ढील को अधिसूचित किया

**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना के माध्यम से उन विदेशी कंपनियों को फेमा के तहत स्वचालित मार्ग से भारत में निवेश करने की अनुमति देने के फैसले को अधिसूचित किया है, जिनमें चीन की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मार्च में डीपीआईआईटी के 2020 के प्रेस नोट-3 में संशोधनों को मंजूरी दी थी। इन संशोधनों के अनुसार, जिन विदेशी कंपनियों में चीन या हांगकांग की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक है, वे उन क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग के तहत भारत में निवेश कर सकती हैं, जहां एफडीआई की अनुमति है, जो क्षेत्रीय शर्तों के अधीन होगा। हालांकि, यह रियायत चीन, हांगकांग या भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले अन्य देशों में पंजीकृत कंपनियों पर लागू नहीं होगी। मंत्रिमंडल की मंजूरी




के बाद, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने मार्च में प्रेस नोट 2 (2026 श्रृंखला) के माध्यम से इसे अधिसूचित किया था। आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) की अधिसूचना के अनुसार, 'लाभकारी स्वामी' अभिव्यक्ति का वही अर्थ होगा जो धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (एफए) में दिया गया है। पीएमएलए नियम के अनुसार नियंत्रणकारी स्वामित्व हित का अर्थ कंपनी के 10 प्रतिशत से अधिक शेयरों या पूंजी या लाभ पर स्वामित्व या पात्रता से है। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2025 तक भारत में आए कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में केवल 0.32 प्रतिशत हिस्सेदारी (2.51 अरब अमेरिकी डॉलर) के साथ चीन 23वें स्थान पर है।

## सरकार ने 'मल्टी-लेयर पेपर बोर्ड' पर न्यूनतम आयात मूल्य 30 सितंबर तक बढ़ाया

**नयी दिल्ली:** सरकार ने 'वर्जिन मल्टी-लेयर पेपर बोर्ड (वीपीबी)' के आयात पर लागू न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) को 30 सितंबर, 2026 तक बढ़ा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (एमआईपी) की ओर से जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। अधिसूचना के अनुसार इस उत्पाद के आयात पर लागत, बीमा और माल भाड़ा (सीआईएफ) मूल्य के आधार पर 67,220 रुपये प्रति टन का न्यूनतम आयात मूल्य निर्धारित किया गया है, जिसे अब 30 सितंबर, 2026 तक लागू रखा जाएगा। सरकार ने यह एमआईपी पहली बार अगस्त 2025 में लागू किया था। अधिसूचना में कहा गया कि निर्धारित न्यूनतम मूल्य से कम पर इस उत्पाद का आयात नहीं किया जा सकेगा।

# एमएसएमई की उत्पादकता बढ़ाने में भारत के डिजिटलीकरण सुधार कारगर:आईएमएफ शोध


**कोलकाता:** भारत में लोक प्रशासन के डिजिटल सुधारों से सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) की उत्पादकता में सुधार हुआ है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के एक शोध पत्र में यह जानकारी दी गई। शोध पत्र के अनुसार, जिन राज्यों ने इन बदलावों को तेजी से अपनाया, वहां के छोटे उद्योगों को इसका सीधा लाभ मिला है। रिपोर्ट के अनुसार, जिन राज्यों ने सरकारी प्रक्रियाओं को अधिक डिजिटल बनाया, वहां कंपनियों की उत्पादकता में तेज वृद्धि दर्ज की गई और अलग-अलग कंपनियों के बीच उत्पादकता का अंतर भी कम हुआ। देश में एमएसएमई क्षेत्र विनिर्माण उत्पादन का करीब 35 प्रतिशत योगदान देता है, लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करता है और कुल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी करीब 45 प्रतिशत है। शोध में कहा गया कि देश में अधिकांश छोटे उद्यम औपचारिक रूप से पंजीकृत नहीं हैं और इन पर कारोबारी सुधारों के प्रभाव को लेकर सीमित अध्ययन हुए हैं। आईएमएफ के अनुसार, वित्त वर्ष 2010-11 से 2014-15 के दौरान भारत में किए गए कारोबारी सुधार मुख्य रूप से सरकारी प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण पर आधारित थे। इससे छोटे और सूक्ष्म उद्योगों को सबसे ज्यादा फायदा हुआ, क्योंकि उनके लिए सरकारी प्रक्रियाओं से निपटने की लागत अपेक्षाकृत अधिक होती है। हालांकि, अध्ययन में यह भी पाया गया कि छोटे उद्यम आम तौर पर उन राज्यों में स्थानांतरित नहीं होते जहां सुधार ज्यादा हुए हैं, यानी राज्यों के बीच इसका सीधा असर सीमित रहता है। रिपोर्ट के अनुसार, ये सुधार व्यापक स्तर पर कारोबारी माहौल बेहतर बनाने की पहल का हिस्सा थे। वर्ष 2014 में राज्यों ने 98 बिंदुओं की कार्ययोजना पर सहमति जताई थी, जिसका उद्देश्य नियमों को सरल बनाना और डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा देना था।


## टीवीएस मोटर कंपनी की अप्रैल में कुल बिक्री सात प्रतिशत बढ़कर 4,73,970 इकाई

**नयी दिल्ली:** टीवीएस मोटर कंपनी की अप्रैल 2026 में कुल बिक्री सात प्रतिशत बढ़कर 4,73,970 इकाई रही, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 4,43,716 इकाई थी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 4,55,333 इकाई रही, जो अप्रैल 2025 में 4,30,150 इकाई थी। घरेलू बाजार में दोपहिया वाहनों की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 3,48,545 इकाई रही, जबकि पिछले वर्ष यह 3,23,647 इकाई थी। कंपनी के अनुसार, अप्रैल में मोटरसाइकिल बिक्री घटकर 2,00,039 इकाई रही, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 2,20,347 इकाई थी। वहीं स्कूटर बिक्री 24 प्रतिशत बढ़कर 2,11,158 इकाई हो गई, जो एक वर्ष पहले 1,69,741 इकाई थी। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 37,771 इकाई रही, जबकि पिछले वर्ष यह 27,684 इकाई थी। तीन-पहिया वाहनों की बिक्री 37 प्रतिशत बढ़कर 18,637 इकाई रही, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 13,566 इकाई थी।

## स्पिरिट एयरलाइंस ने 34 वर्षों के बाद कारोबार बंद करने की घोषणा की, संचालन तत्काल प्रभाव से समाप्त

वेस्ट पाम बीच: अमेरिका की प्रमुख किफायती विमानन सेवा प्रदाता 'स्पिरिट एयरलाइंस' ने शनिवार को अपना कारोबार पूरी तरह बंद करने की घोषणा की। अपने अनूठे विज्ञापनों और बेहद सस्ती हवाई दरों के लिए चर्चित इस कंपनी का सफर 34 साल बाद समाप्त हो गया है। चमकीले पीले रंग के विमानों का संचालन करने वाली इस कंपनी ने बताया कि उसने तत्काल प्रभाव से अपने परिचालन को व्यवस्थित रूप से बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस एयरलाइन में लगभग 17,000 कर्मचारी काम करते थे। एयरलाइन ने अपनी वेबसाइट पर जारी एक बयान में कहा कि उसकी सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और ग्राहक सेवा भी अब उपलब्ध नहीं है। कंपनी ने कहा, 'हमें पिछले 34 वर्षों के दौरान उद्योग पर अपने 'अति-निम्न लागत मॉडल' के प्रभाव पर गर्व है। हमें उम्मीद थी कि हम आने वाले कई वर्षों तक यात्रियों की सेवा करते रहेंगे।' इसने यात्रियों से कहा कि वे धन वापसी की उम्मीद कर सकते हैं, लेकिन दूसरी एयरलाइन में यात्रा की बुकिंग के लिए कोई सहायता नहीं दी जाएगी।






वर्ष 11, पूर्णांक 3580 अंक 046 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in